हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 31 अगस्त, 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

10 साढ़े 6 करोड़ से लगेंगे तीन नए मोटर पंप गयानगर क्षेत्र में बनेगी पानी की नई टंकी



11 अधिवक्ताओं ने जाना डिजिटल फाइलिंग, समझा ई-कोर्ट मैनेजमेंट, ऑनलाइन सेवाओं से हुए रूबरू






तीज पर्व एवं गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं!
न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
हमारे यहां सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
■ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ■ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी



B.M. COLLEGE
B.Ed. कोड 114336
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065
अंतिम तिथि-04/09/25


## जनवरी 2025 से अब तक दुर्ग जिले में ही 319 से ज्यादा मामलों में अपराध दर

# प्रदेश में हर घंटे साइबर फ्रॉड, 5 साल में 44,871 केस हुए दर्ज, डिजिटल अरेस्ट के मामले भी बढ़े

जेएम तांडी ⏭ भिलाई

प्रदेश में साइबर ठगी के मामले में तेजी से बढ़े हैं। इसमें डिजिटल अरेस्ट के मामले भी सामने आ रहे हैं। पुलिस विभाग के रिकार्ड के मुताबिक छत्तीसगढ़ में पांच वर्षों में अब तक 44871 साइबर अपराध हुआ है। पांच साल यानी 60 महीनों के 43200 दिनों में ये अपराध दर्ज हुए हैं। इस हिसाब से हर घंटे 1.03 मामले दर्ज हो रहे हैं। अब साइबर अपराधी अलग-अलग तरीकों से वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आधुनिक टेक्नोलॉजी के दौर में जालसाज साइबर ठगी के नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी करने का प्लान तैयार कर रहे हैं। जाल में फंसा कर करोड़ों रुपए की ठगी लोगों से अपराधी कर रहे हैं। ईडी और सीबीआई का अफसर बताकर डिस्टल अरेस्ट की शिकायतें भी सामने आ रही है। औसत 5 से 15 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर ब्लैकमेल कर रहे हैं। साइबर, डिजिटल के वारदातों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। शेयर मार्केट में रकम लगाकर अधिक मुनाफा का झांसा देकर, वाट्सअप में दोस्ती कर कस्टम से जेवरात छुड़ाने, फेसबुक में मेट्रोप्ती मैसेज भेजकर, क्रिप्टो करेंसी के नाम पर, पोर्न वीडियो देखने का डर दिखाकर और सीबीआई, ईडी बनकर कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। एक जानकारी के मुताबिक सबसे अधिक इसके शिकार पढ़े लिखे लोग ही बनते आ रहें है। माह जनवरी से अगस्त तक दुर्ग जिले में 319 साइबर ठगी के हो चुके है।इसमें कई मामलों में पुलिस आरोपी तक पहुंच चुकी है।



### फ्रॉड के अपराध के बोलते आंकड़े

- 67389 शिकायतें हुईं 2023 से जून 2025 तक
- 791 करोड़ से ज्यादा के साइबर फ्रॉड तीन साल में हो चुके
- 107 मामलों में 3.69 करोड़ रुपए की रिकवरी
- 5000 अपराधियों का डेटाबेस तैयार किया पुलिस ने

### सौ करोड़ रुपए से अधिक की ठगी

मिली जानकारी के मुताबिक पिछले डेढ़ साल में साइबर अपराध के 1,301 मामले दर्ज किए गए हैं। जिसमें पीड़ितों को 107 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने विधानसभा में अवगत करा चुके है। पुलिस ने अब तक 107 मामलों में 3.69 करोड़ रुपये वसूल कर पीड़ितों को लौटा चुकी है। प्रदेश में 67,389 लोगों ने 2023 से जून 2025 तक एनसीआरपी पोर्टल पर 791 करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की शिकायतें की है।

### जिले में फेस रिकॅगनीशन सफ्टॉवेयर

पुलिस के मुताबिक फेस रिकॅगनीशन साफ्टवेयर अपराधियों की पहचान के लिए दुर्ग पुलिस ने फेस रिकॅगनीशन सॉफ्टवेयर यानी चेहरे की पहचान करना वाला सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें जिले के उन 5 हजार अपराधियों का डाटा बेस बनाया गया है, जिनके द्वारा क्षेत्र में बीते 10 वर्षों में अपराध को अंजाम दिया गया है। इसके अलावा राज्य के अन्य जिलों के अपराधियों की एंट्री भी की जा रही है। साफ्टवेयर में जिले के सभी थानों का अकाउंट बनाया गया है। फेसबुक पर शेयर मार्केट को लेकर स्कैम चल रहा है। इन स्कैम्स में फ्री ट्रेडिंग के साथ 100 फीसदी का रिटर्न देने का झांसा दिया जाता है।

### अब तक के सायबर ठगी

**केस 1-** सेक्टर 9 अस्पताल के टेक्नीशियन से बीमा कंपनी और मोबाइल कंपनी का कर्मी बनकर दो साइबर ठग ने खाली जमीन पर टावर लगाने का झांसा देकर 8.82 लाख रुपए की ठगी कर दी।

**केस 2 -** कोरोना लॉकडाउन में रिटायर्ड बीएसपी कर्मचारी ऑनलाइन ठगी के शिकार हो गया। ठग एसबीआई बैंक मैनेजर बनकर कॉल कर खाते से 2.78 लाख रुपए पार कर दिया।

**प्रदेश में पांच वर्षों में साइबर फ्रॉड**

| वर्ष | अपराध |
|---|---|
| 2020 | 2295 |
| 2021 | 7134 |
| 2022 | 12295 |
| 2023 | 22,297 |
| 2024 | 850 |

**केस 3-** सेक्टर-10 च्वाइस सेंटर व ऑनलाइन विमान टिकट दुकान का संचालक 1 लाख 30 हजार रुपए ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए।

**पुलिस है सजग जागरूक भी किया जा रहा**



साइबर ठगी के वारदात के कई मामलों को पुलिस ने ट्रेस कर आरोपियों को पकड़ा भी है। अनजान लोगों का वीडियों कॉल रिसीव न करें। पुलिस अफसर या फिर कोई अधिकारी बनकर डराता धमकाने पर समीप के थाने में जानकारी दे। साइबर प्रहरी ग्रुप से जुड़े इसमे बचाव के कई टिप्स भी दिए जाते हैं। इस तरह के अपराधों को लेकर पुलिस सजग है। - **राम गोपाल गर्ग**,. आईजी दुर्ग रेंज

## भाजपा नेता ईंट भट्ठा और ढाबा चलाने कर रहा था लकड़ी की चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली नगर निगम वार्ड 11 मरोदा सेक्टर से छाया पार्षद और भाजपा नेता यूएस पवार पर लकड़ी चोरी का आरोप लगा है। रिसाली के सभापति केशव बंछोर ने उनके लोगों को रंगे हाथ पकड़ा है। उन्होंने चोरी की लकड़ी को मैत्री बाग जू ले जाकर रखवाया। इसके बाद भी बीएसपी प्रबंधन ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। तीन दिन पहले शहर में आई तेज आंधी और बारिश में भिलाई शहर और टाउनशिप एरिया में कई पेड़ और बिजली के पोल गिर गए थे। इससे बचने के लिए जहां लोग मसक्कत कर रहे थे, वहीं इस विसम परिस्थिति में भाजपा नेता व रिसाली निगम के छाया पार्षद यूएस पवार ने लकड़ी चुराने का अवसर खोज लिया। पवार के बेटे ने 30 अगस्त शनिवार दोपहर को गिरे हुए पेड़ों को काटकर ट्रक में लोड करवाया और उसे ईंट भट्ठा और अपने ढाबा में उपयोग के लिए ले जा रहा था। इससे पहले की वो लकड़ी चोरी करके ले जा पाता बीएसपी के हल्टीकल्चर डिपार्टमेंट के जीएम डॉ. एनके जैन को पता चला। उन्होंने रिसाली के सभापति केशव बंछोर को फोन करके इसके बारे में जानकारी दी। केशव बंछोर ने तुरंत मौके पर जाकर लकड़ी से भरे ट्रक को पकड़ा। इसके बाद ट्रक को मैत्री बाग ले जाया गया लड़की उतारने के बाद डॉ. जैन ने ट्रक और लकड़ी ले जा रहे पवार के लोगों को छोड़ दिया।



### बेटा खड़ा होकर कटवा रहा था पेड़



सभापति बंछोर ने बताया कि यूएस पवार का बेटा नवनीत खुद आरा मशीन और कर्मचारियों को लेकर गया था। उसने खड़े होकर पेड़ों को कटवाया और उसके बाद लकड़ी लोड करके ले जा रहा था। बीएसपी के अधिकारियों लकड़ी पकड़ने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की ना संबंधित विभाग में शिकायत की। बंछोर ने टाउनशिप के लोगों और जन प्रतिनिधियों से अपील की है कि वो लोग सजग रहें। लोग टाउनशिप से पेड़, डिवाइडर में लगी ग्रिल चोरी कर ले जा रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को कोई परवाह नहीं है, इसलिए लोगों को इसको लेकर सजग होना पड़ा। इस बारे में भाजपा नेता यूएस पवार ने कुछ बताने से साफ मना कर दिया।

“ टूट कर गिरे पेड़ों को काट कर ले जाया जा रहा था। हमारे द्वारा लकड़ी को जब्त कर रखवा दिया गया है। संबंधित को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। - **एनके जैन**, जीएम हार्टिकल्टर विभाग बीएसपी

## खबर संक्षेप

### नगदी रकम लेकर फरार होने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी के कार्यक्रम में शामिल होने गए परिवार के मकान में चोरी होने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि लखन लाल मेश्राम परिवार समेत 5 मई को अपने रिश्तेदार के घर शादी कार्यक्रम धमतरी गए थे। लौटने के बाद मकान का ताला टुटा पड़ा हुआ था। मकान के भीतर प्रवेश करने पर देखने को मिला कि आलमारी में रखे नगदी 45 हजार रुपए गायब मिला। पीड़ित ने शिकायत जामुल पुलिस से किया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदेही दुर्गा चौक लेबर केम्प जामुल निवासी हिमांशु ठाकुर उर्फ राधे ठाकुर उर्फ हिमांचल उर्फ पांचल को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पुछताछ करने पर मकान में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से नगदी रकम बरामद किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में केन्द्रीय जेल भेजा गया। कार्रवाई में जामुल प्रभारी राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### नेहरू सांस्कृतिक भवन में चोरी दो गिरफ्त में

**भिलाई।** नेहरु सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 में चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि भवन का ताला टूटा पड़ा मिला। जहां से चोर ने सारा सामान पार कर फरार हो गए थे। भवन के भीतर पड़े आलमारी, पेटियां भी खुला पडा था। चेक करने पर दृष्टिकोण नाटय संस्था के रूम मे रखे पुरानी एक नृत्य कलानुमा पीतल की मुर्ति,छोटे बडे पीतल के कप, लोहे के अन्य सामान गायब मिला। शिकायत भठ्ठी पुलिस में किया गया। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर राजीव नगर जोन 2 खुर्सीपार सुभाष चौक निवासी अनमोल कुजुर और अमित कुमार निषाद को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर पुलिस को आरोपियों ने बताया कि भवन सेक्टर 1 से सामान पार किया था।

## शहीद वीर नारायण की प्रतिमा पर कालिख पोतने वाली निकली मानसिक रोगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहीद वीर नारायण सिंह की दुर्ग में स्थित प्रतिमा पर कालिख पोतने के मामले में पुलिस ने महिला को पकड़ा है। घटना 17 अगस्त की रात दुर्ग की है। प्रतिमा बस स्टैण्ड दुर्ग के पास की है।

■ आदिवासी समाज ने किया था प्रदर्शन

दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला कि महिला मानसिक रोग से पीड़ित है। उसके परिजनों के मुताबिक सालों से से उपचार कराया जा रहा है। महिला को 'नारायण' नाम से विशेष चिढ़ है। यहां तक कि उसके पति का नाम भी नारायण निर्मलकर है। जिसके कारण वह असामान्य व्यवहार करती है। घटना के बाद आदिवासी समाज ने इसे अपने पुरखों का




अपमान बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर कार्रवाई की मांग की थी। समाज ने प्रतिमा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और कैमरे लगाने की मांग भी की है। दुर्ग पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर के मुताबिक आरोपी महिला की मेडिकल जांच के बाद मानसिक चिकित्सालय भेजा गया है। पुलिस ने महिला के पति से इलाज संबंधी दस्तावेज मांगे हैं। पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट की जांच के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूलों में किताबों की कमी, नोडल बदले, व्यवस्था सुधार के दिए निर्देश



अव्यवस्था : सरकारी स्कूलों में दो महीने के बाद भी पुस्तकें नहीं मिली तो पढ़ाएंगे क्या?
निजी स्कूलों में तिमाही परीक्षा पूरी, सरकारी में गणित पर्यावरण, इंग्लिश व सोशल साइंस की पढ़ाई तक शुरू नहीं
इन उदाहरणों से समझिए सरकारी स्कूलों में पढ़ाई की स्थिति

भिलाई। जिले के सरकारी स्कूल के विद्यार्थी किताबों की कमी से जूझ रहे हैं। राज्य से संकुलों में सीधे किताबें भेजी जा रही है। जिले के बीईओ और नोडल अधिकारियों को पुस्तक वितरण का लागिंग भी दिया गया है ताकि अपने जिले में पुस्तक वितरण की जानकारी अपडेट होता रहे। दुर्ग जिले के स्कूलों में पाठ्य पुस्तक वितरण योजना के नोडल अधिकारी गौरा शुक्ला को बनाया गया था। नोडल अधिकारी द्वारा पुस्तक वितरण की मानिटरिंग नहीं करने की शिकायत रही। जिला शिक्षा विभाग ने नोडल अधिकारी को ही बदल दिया है। उनकी जगह नोडल अधिकारी संजय वर्मा को बनाया गया है।

■ जिले के स्कूली बच्चों को कितनी किताबें बटी विभाग के पास ब्योरा नहीं

### जिले के 1.32 लाख विद्यार्थियों को मिलनी है किताबें

पुस्तक वितरण योजना में दुर्ग जिले के 1 लाख 3 हजार 245 विद्यार्थी हैं। इन विद्यार्थियों के लिए 598406 किताबों की जरूरत है। ज्यादातर स्कूलों में कई विषयों की किताबें नहीं पहुंच पाई है। किसी एक कक्षा में विद्यार्थी को छह विषय पढ़ना है तो दो विषय की पुस्तक ही नहीं मिली है। किसी कक्षा की चार विषय की पुस्तक नहीं मिली है। इस तरह पुस्तक वितरण की स्थिति संतोषप्रद नहीं है।

### किताब नहीं मिलने से पढ़ाई नहीं करवा पा रहे हैं शिक्षक

सभी विद्यार्थियों को पुस्तकें नहीं मिल पाने की वजह से शिक्षक पढ़ाई ही नहीं करवा पा रहे हैं। जिन विषयों की किताबें मिली है उनकी पढ़ाई करवा पा रहे हैं लेकिन जिनकी किताबें नहीं है उसकी शुरूआत ही नहीं हो पाई है। शिक्षकों को शैक्षणिक कैलेंडर के हिसाब से तिमाही परीक्षा लेनी है लेकिन हाल यह है कि कई विषयों की पढ़ाई हुई है। ऐसे में शिक्षकों का परफारमेंस भी प्रभावित हो रहा है।

### धारदार चाकु दिखाकर धमकाने वाले तीन गिरफ्त में

**भिलाई।** धारदार चाकू दिखाकर लोगों को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि गणेश उत्सव के मौके पर डेरा बस्ती चन्द्रा मौर्या टाकिज के पास चंन्द्रा मौर्या टकिज डेरा बस्ती निवासी आरोपी माधो लाल बाटी, रूपलाल बाटी, कोसानाला सुपेला में बाल्या भाटी लोहे का चाकु को लहराकर आमजन को डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा है।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301


#### ग्रामीणों की परेशानी को नजर अंदाज कर रहे अधिकारी और जनप्रतिनिधि

## जर्जर सड़कों से थम गई आवाजाही, बढ़े हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत बनी ग्राम खड़बत्तर सड़क जो खुर्सीपार से भोजटोला मुख्य मार्ग को जोड़ती है, इस दिनों ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सडक के बीच बना गड्ढा बीते दो माह से दुर्घटनाओं को न्योता दे रहा है इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी तथा प्रधानमंत्री सड़क योजना के अफसरों की नींद नहीं टूट पाई है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार एक तालाब को दूसरे तालाब से जोड़ने वाली भूमिगत पाइपलाइन के टूटने से सड़क धंस गई और बड़ा गड्ढा बन गया है।



सड़क का अन्य हिस्सा भी उखड़ चुका हैं। हालत यह है कि ग्रामीण और वाहन चालकों को हर कदम पर जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। आए दिन लोग इस गड्ढे में घुसकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस गड्ढे में कई लोग अब तक गिरकर घायल हो चुके हैं। आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग मरम्मत कराने के बजाय मौन साधे हुए हैं।

### मौत के इंतजार में विभाग

जिले के भीतरी इलाके में जर्जर सड़क और पुल पुलियों की चपेट में अब तक कई राहगीरों की मौत हो गई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि दो माह बीतने के बाद भी न तो मरम्मत शुरू हुआ है और न ही सड़क पर चेतावनी बोर्ड लगाया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही इस जर्जर सड़क की मरम्मत कराया जाए अन्यथा वह आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। पंचायत सचिव अर्जुन कलिहरे ने बताया कि बारिश की वजह से पाइप टूट कर जमींदोज हो चुका है। बारिश के बाद मुरम डाल कर ठीक किया जाएगा।


online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
12 दिन
स्लीपर मात्र 17,500/-



केरल दर्शन
मुन्नार, थेक्कड़ी, अल्लेप्पी, त्रिवेंद्रम
13 सितंबर, 20 सितंबर, 4 अक्टूबर, 15 नवंबर, 13 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 3 एसी- 32,500/-,(+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100
TEAM CREATIVE

## खबर संक्षेप



### क्रांतिसेना चलाएगी सदस्यता अभियान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ क्रांतिसेना के मुरमुन्दा परिक्षेत्र की बैठक हुई। बैठक ग्राम गोढ़ी में आयोजित की गई। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की बैठक में सदस्यता अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में 100 से ज्यादा लोगों ने सदस्यता भी ग्रहण की। चेलाराम साहू को महामंत्री बनाया गया। देवेंद्र साहू को जनपद का पदभार दिया गया। बैठक में संगठन के जिला पदधिकारी भी मौजूद थे। प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष महेश साहू, जिला सचिव सतीश वर्मा, महामंत्री कमलेश मारकंडे, परिक्षेत्र अध्यक्ष अश्वनी साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष सूरज साहू एवं सचिव हरीश, रूपनारायण वर्मा आदि उपस्थित थे।

### स्व. मुकेश की 49वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम



**दुर्ग।** कायस्थ रत्न एवं पार्श्व गायक स्व. मुकेश चन्द्र माथुर की 49 वीं पुण्यतिथि पर कायस्थ सभा द्वारा संगीतमयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें समाज की महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम स्व मुकेश चन्द्र माथुर के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सभा के सचिव सुमित श्रीवास्तव ने संक्षिप्त जीवनी बताकर सभा की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर समाज के राजीव बक्शी, राज नारायण श्रीवास्तव, संतोष खरे, प्रशांत श्रीवास्तव जामुल भिलाई, संजय नंदूलाल श्रीवास्तव, प्रशांत बक्शी, अनूप खरे, दिवेश श्रीवास्तव, अक्षत श्रीवास्तव, महिला सदस्यों में शोभा श्रीवास्तव, कविता श्रीवास्तव, अल्का श्रीवास्तव, भावना वर्मा, अराधना खरे द्वारा गानों की प्रस्तुति दी गई। स्वराजंली पश्चात भगवान श्री चित्रगुप्त की साप्ताहिक पूजा आरती संपन्न हुआ तत्पश्चात प्रसाद स्वल्पाहार वितरण किया गया।

# आयुक्त ने ठेला हटवाया, कचरा उठवाया, नियम तोड़ने पर वसूला अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल शहर की सड़कों पर निकले और अधिकारियों व अमले के साथ कई प्रमुख स्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जगह-जगह सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया। जहां-जहां लापरवाही और गंदगी दिखाई दी, वहां तुरंत कार्रवाई की गई।

निरीक्षण के दौरान सबसे पहले कलेक्ट्रेट के पास लगे ठेले हटवाए गए। आयुक्त ने चाय और पान ठेला संचालकों को मौके पर बुलाकर खुद ही कचरा उठवाया और सफाई भी कराई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगे से ठेला संचालक आसपास गंदगी फैलाते पाए गए तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।इसके बाद आयुक्त दल-बल के साथ मिनी माता चौक पहुंचे। यहां पेट्रोल पंप के आसपास गंदगी फैली हुई थी। इसे देखकर वे नाराज़ हुए और मौके पर ही पंप संचालक को बुलाकर परिसर की तुरंत सफाई कराने का आदेश दिया।

निरीक्षण के दौरान कचरा फैलाने वाले ठेला संचालकों से अर्थदंड वसूला गया। पुलगांव चौक और गंजपारा जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया गया। यहां भी कमिश्नर ने सफाईकर्मियों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## मिनी माता चौक पर पेट्रोल पंप संचालक को दिए साफ-सफाई के निर्देश

### अस्थायी निर्माण हटाने के निर्देश

आयुक्त ने कुछ स्थानों पर अस्थायी निर्माण देखकर नाराजगी जताई और तुरंत बेदखली के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कमिश्नर अग्रवाल ने कहा कि कई बार चेतावनी देने के बावजूद कुछ लोग सड़क किनारे कचरा फेंकते हैं। उन्होंने अमले को निर्देश दिए कि ऐसे लोगों पर तुरंत जुर्माना लगाया जाए और यदि जरूरत हो तो कड़ी कार्रवाई भी की जाए।



### सड़क पर न फेंकें कचरा

उन्होंने दुकानदारों और स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों और घरों से निकलने वाला कचरा सड़क पर न फेंकें, बल्कि निगम की निर्धारित व्यवस्था का पालन करें। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था तभी सुधरेगी जब प्रशासन और जनता दोनों मिलकर सहयोग करेंगे। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा,उपअभियंता हरिशंकर साहू, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, गौतम साहू, मनोहर शिंदे, सुरेश भारती,रामलाल भट्ट।

## स्वीकृति : शासन ने दी मंजूरी, स्कॉडा सिस्टम के अंतर्गत होगा ऑटोफिकेशन

# साढ़े 6 करोड़ से लगेंगे तीन नए मोटर पंप गयानगर क्षेत्र में बनेगी पानी की नई टंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर में पेयजल आपूर्ति बनाने के लिए अब निगम साढ़े 6 करोड़ रुपए और खर्च करेगा। इस राशि से इंटकवेल और फिल्टर प्लांट में तीन नए मोटर पंप लगाए जाएंगे। लंबे समय से इसकी डिमांड की जा रही थी। इसके अलावा वार्ड-4 गयानगर स्थित बघेरा रोड में पानी की नई टंकी का निर्माण किया जाएगा, जिससे करीब साढ़े 7 हजार घरों तक पानी पहुंचाया जाएगा। आदेश के मुताबिक बघेरा से गयानगर तक नई पाइपलाइन बिछेगी।

स्कॉडा सिस्टम के अंतर्गत ऑटोमेटिक प्रणाली और कम्प्यूटराइज्ड सिस्टम लगेगा। वार्ड-50 बोरसी में पाइपलाइन को लेकर ऑटोमेशन सिस्टम लगाया जाएगा। इस पर करीब 18.50 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस प्रकार करीब कुल 6.5053 करोड़ रुपए की लागत से ये काम होंगे। एक दिन पहले नगरीय प्रशासन के कार्यपालन अभियंता ने इसकी स्वीकृति प्रदान की। बता दें शहर के 60 वार्डों में पेयजल आपूर्ति के नाम पर पिछले 15 साल में 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की जा चुकी है। इसके बाद भी शहर में पेयजल संकट के हालात है। आए दिन पाइपलाइन लीकेज, मोटर पंप में खराबी की शिकायतें सामने आ रही है। समस्या को लेकर पार्षदों द्वारा शिकायत भी की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण अब तक नहीं हो पाया है।

## पेयजल आपूर्ति के नाम पर पिछले 15 साल में 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च

### 1.99 करोड़ में बनेगा 20 मीटर ऊंचा ओवर हेड टैंक, मंजूरी

जानकारी के मुताबिक गयानगर में 1.99 करोड़ रुपए की लागत से 1500 किलोलीटर क्षमता का ओवर हेड टैंक तैयार किया जाएगा। 20 मीटर ऊंचे इस टैंक से आसपास के करीब साढ़े 7 हजार घरों तक पानी पहुंचाए जाने की तैयारी है। इसके अलावा 1.21 करोड़ रुपए की लागत से बघेरा से गयानगर तक नई डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाई जाएगी। 97.33 लाख रुपए की लागत से 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में वर्टिकल टर्बाइन मोटर पंप लगाया जाएगा। इसी प्रकार के दो मोटर पंप इंटकवेल में स्थापित किए जाएंगे। इसकी लागत करीब 1.94 करोड़ रुपए आंकी गई है। नए ओवर हेड टैंक में फ्लो मीटर, पाइपलाइन पर करीब 20 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। 18.50 लाख रुपए की लागत से पुरानी बोरसी में पाइपलाइन का विस्तार किया जाएगा।



### 4 साल में मिलियन प्लस सिटी के अंतर्गत 26.30 करोड़ रुपए जारी

जानकारी के मुताबिक दुर्ग निगम को मिलियन प्लस सिटी के अंतर्गत वर्ष 2020-21 से लेकर 2023-24 तक 26.30 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं। मेंटेनेंस, पेयजल सप्लाई और अन्य कार्यों के लिए यह राशि जारी की गई है। इसमें अब तक 18.87 करोड़ रुपए के कामों की स्वीकृति राज्य शासन से जारी की गई है। 7.42 करोड़ रुपए अब भी शेष हैं। बता दें कि पेयजल सप्लाई व्यवस्था बिगड़े होने के बाद भी मेंटेनेंस अब तक नहीं हो पाया है। इधर योजना के तहत जारी राशि निगम खाते में है। बावजूद शहर में व्याप्त समस्याओं को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई है। इस वजह से शहर में कई वार्डों में पेयजल संकट के हालात बने हुए हैं।

### 300 करोड़ से ज्यादा खर्च के बाद भी पानी की बर्बादी

बता दें कि पिछले करीब 15 साल में निगम ने 300 करोड़ से ज्यादा की राशि शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने में खर्च किए हैं। इसमें वृहद पेयजल योजना फेज-1 में 50 करोड़, फेज-2 में 100 करोड़, अमृत मिशन में 152 करोड़ रुपए की राशि खर्च की। वर्तमान में शहर विस्तार की वजह से अतिरिक्त पाइपलाइन बिछाने के नाम पर 20 करोड़ का और भी प्रोजेक्ट तैयार किया गया है, बहरहाल इसे शासन से मंजूरी नहीं मिली है। इधर पानी को लेकर शहर में संकट बरकरार है।

### शहर के 15 जगहों पर वाल्व खराब राइजिंग पाइप में बड़े लीकेज

शहर के 60 वार्डों की करीब 3 लाख आबादी को अगले तीन महीने भीषण पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। शहर में पेयजल सप्लाई व्यवस्था बिगड़े हालत की वजह से बड़ी समस्या सामने आई है। मुख्य राइजिंग पाइपलाइन सहित अन्य जगहों पर बड़े लीकेज हैं। इसके अलावा शहर में 15 जगहों पर वॉल्व में खराबी आई है। मुख्य रूप से 11 और 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में सप्लाई व्यवस्था में दिक्कत सामने आई है। 42 एमएलडी के नए फिल्टर प्लांट से जुड़ी पाइपलाइन में भी लीकेज सामने आया है। इस वजह से पूरे शहर के पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। इसे लेकर निगम ने वैकल्पिक इंतजाम के तौर पर टैंकरों से सप्लाई की तैयारी की है। जानकारी के मुताबिक निगम ने लीकेज संधारण का काम भी शुरू कर दिया है। 11 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जुड़ी पाइपलाइन का लीकेज मेंटेनेंस किया। इस वजह से शहर के बाजार क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही। निगम अधिकारियों के मुताबिक शहर के बोरसी, पोटिया, बघेरा, उरला और पुलगांव क्षेत्र में बनी पानी टंकी से जुड़ी पाइपलाइन में ज्यादा लीकेज हैं। इसके अलावा इंटकवेल से 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट राइजिंग पाइप लाइन में बड़े लीकेज हैं। बोरसी में 5 जगह, पोटिया में वार्ड-53 सहित 12 जगह, बघेरा में तीन जगह, उरला में तीन जगह पर लीकेज हैं। इस प्रकार मालवीय नगर, शंकर नगर नाला से लगे क्षेत्र में राइजिंग पाइप में लीकेज है। शहर के 15 जगहों पर वाल्व खराब हो गए हैं। इस वजह से लाखों गैलन पानी

## एडमिशन के लिए यूनिवर्सिटी पोर्टल खोलने की रखी मांग



**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात की। छात्र नेता चैतन्य बंछोर के नेतृत्व में मांगों पर ज्ञापन सौंपा गया। इसमें 12 वीं कक्षा के द्वितीय परीक्षा परिणाम विगत दिनों जारी हुए हैं। उन छात्र-छात्राओं को रेगुलर प्रवेश प्रक्रिया के लिए विश्वविद्यालय का प्रवेश फार्म पोर्टल खोलने, विश्वविद्यालय के अंतर्गत कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया की तिथि में वृद्धि करने की मांग की गई। गजेंद्र यादव ने मांगों का त्वरित निराकरण किए जाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर तिरुपति चंद्राकर, मृदुल सिंह, पीयूष सिन्हा, विपुल साहू, गौरव निषाद, विकास, कुणाल, गुल्मेश, वैभव, मनीष वर्मा, खुशबू देवदास, सोम वर्मा, गौरव पराते, जय पराते एवं दीपक टांक उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को किया करियर के प्रति जागरूक

**दुर्ग।** उरला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार संबंधित आवश्यक बातें बताकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपसंचालक रोजगार वीके केड़िया मुख्य वक्ता थे।



उन्होंने अनुशासन, रुचि, वातावरण व जीवनचर्या से संबंधित कई सरल-सहज उदाहरण बताकर विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य अरुणा रेड्डी ने भी आगामी समय में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल के अध्यक्ष जयवर्धन रहें। रोजगार कार्यालय से ईश्वर प्रसाद, दुलेश्वर साहू, हलधर नेताम भी उपस्थित रहें।

## याद किए गए मेजर ध्यानचंद, खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल शिक्षा महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शतरंज, कैरम एवं बैटमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

- शतरंज, कैरम व बैटमिंटन का आयोजन

खेलकूद कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. उमाकांती सिंह ने किया। क्रीड़ा अधिकारी अर्चना षड़गी ने खेल दिवस के मौके पर मेजर ध्यानचंद एवं प्रतिभायान खिलाड़ियों को याद करते हुए खेल के प्रति हमारे युवा एवं विद्यार्थियों को जागरुकता का संदेश दिया। जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष प्रवीणचंद्र तिवारी ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी एवं व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार के खेल जुड़ा होना चाहिए। इस अवसर पर अर्चना तिवारी, भावना दुबे, डॉ. सपना वैष्णव, हारून रशीद, जेएन मिश्रा, पूनम गौतम, आफरीन खानम, यास्मीन परवीन उपस्थित रहे।



### आयोजित प्रतियोगिता में इन्हें मिला पुरस्कार

आयोजित प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों में शतरंज (पुरुष) पीयुष कुमार सिन्हा विजेता, पुनेश्वर वर्मा उपविजेता, शतरंज (महिला) पूर्वी मण्याची विजेता, लोकेश्वरी उपविजेता, बैडमिंटन (पुरूष) वोमेश कुमार विजेता, खुमेन्द्र उपविजेता, बैडमिंटन (महिला) खुशबू विजेता, मेघा कोठारी उपविजेता, कैरम समूह (महिला) शिखा एवं हनी विजेता, गीतांजलि एवं आस्था उपविजेता, कैरम एकल (महिला) मनीषा विजेता, दीपिका उपविजेता, कैरम एकल (पुरुष) वमनलाल विजेता, प्रदीप उपविजेता शामिल हैं।

## डॉ. भूपिका और डॉ. आशीष ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता पुरस्कार




**दुर्ग।** कामधेनु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एमवीएससी के दो शोधार्थियों ने हैदराबाद तेलंगाना में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता कंपाउंड लाइवस्टॉक फीड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 66वें राष्ट्रीय संगोष्ठी में पुरस्कार जीता। प्रत्येक विजेता को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं 25,000 रुपए नकद से सम्मानित किया गया। डॉ. भूपिका देवांगन ने एक्वा फीड निर्माण हेतु मछली प्रसंस्करण अपशिष्ट के उपयोग की व्यवहार्य तकनीक का मूल्यांकन विषय पर निबंध प्रस्तुत कर एक्वा सेक्टर में पुरस्कार हासिल किया।

डॉ. आशीष तिवारी ने पोस्ट-वीनिंग डायरिया में शामिल कारक और उसके निवारण के उपाय विषय पर अपने निबंध के लिए स्वाइन सेक्टर में पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण कंपाउंड लाइवस्टॉक फीड मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष दिव्य कुमार गुलाटी, केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राजमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, तेलंगाना राज्य के पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य मंत्री वाकिति श्रीहरि, अधिष्ठाता मुंबई पशुचिकित्सा महाविद्यालय अजीत रानाडे तथा विजय डी. भंडारे मौजूद थे। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, कुलसचिव डॉ. बीपी राठिया, अधिष्ठाता डॉ. संजय शाक्य ने शुभकामनाएं दी है।

## मन की बात कार्यक्रम के आयोजन में दुर्ग जिला भाजपा प्रदेश में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के विभिन्न जिला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के आयोजन में पहली बार दुर्ग जिला भाजपा ने

- 31 अगस्त को होगा 125 वें एपिसोड का प्रसारण

प्रथम स्थान पर आने का इतिहास रचा है। जून माह में दुर्ग विधानसभा भाजपा ने मन की बात कार्यक्रम के 123 वें एपिसोड का आयोजन सर्वाधिक स्थानों पर कर के पूरे प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जुलाई माह में 124 वें एपिसोड के आयोजन में दुर्ग शहर विधानसभा, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा व पाटन विधानसभा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रचते हुए पूरे दुर्ग जिला को प्रदेश में प्रथम स्थान पर ला खड़ा किया। 31 अगस्त को 125 वें एपिसोड के आयोजन को अधिक से अधिक स्थानों पर सफल बनाने हेतु जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद कौशिक के निर्देशानुसार मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक संतोष सोनी ने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के मन की बात प्रभारियों की बैठक जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में एवं पाटन विधानसभा की बैठक पाटन रेस्ट हाउस मे लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। ग्रामीण विधायक व जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने बैठक में अपनी बात रखी। आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से विधानसभा प्रभारी मुकेश बेलचंदन, लिकेश्वर देशमुख, राजू जंघेल, अनुपम साहू, हेमन्त सिन्हा, कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन, हर्षा चंद्राकर आदि मौजूद थे।



## महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में अंग्रेजी साहित्यिक संघ का गठन

**दुर्ग।** शासकीय वीवायटी स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के अंग्रेजी विभाग में अंग्रेजी साहित्यिक संघ का उद्घाटन प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर आमंत्रित वक्ता डॉ शाइनी मेंडोंस प्राचार्य सेंट थॉमस कॉलेज रूआबांधा रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ मर्सी जॉर्ज ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह संघ छात्रों का मंच है, उनकी आवाज़ है। उन्होंने छात्रों से अपनी प्रतिभा को खोजने, सृजनात्मकता व्यक्त करने तथा जिम्मेदार और विचारशील व्यक्तित्व के रूप में विकसित होने का आह्वान किया। इसके उपरांत संघ के पदाधिकारियों की घोषणा की गई तथा उन्हें शपथ दिलाई गई।




निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष सौम्या रेड्डी, उपाध्यक्ष लीना साहू, सचिव हरीश साहू, सह सचिव श्रुति सोनी साहित्यिक क्लब की संयोजक याचना डडसेना, सांस्कृतिक क्लब की संयोजक संजना सोनी, साहित्य संपादक सुगंधा सक्सेना शामिल हैं। डॉ अनिल कुमार पाण्डेय ने कहा कि छात्र शिक्षा प्रणाली के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक हैं।

## बिजली उपभोक्ता एसो. ने हिंदी भवन के सामने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन द्वारा हिंदी भवन के सामने बिजली हाफ योजना पुनः लागू करने एवं बिजली के निजीकरण व प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ रैली प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को राज्यपाल, विद्युत मंत्री, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं सचिव ऊर्जा एवं प्रबंध निदेशक छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

- बिजली हाफ योजना पुनः लागू करने की मांग

सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के राज्य प्रभारी आत्माराम साहू ने कहा कि बिजली एक बुनियादी सेवा है जिसे जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सरकार की है। लेकिन सरकार बिजली को अतिआवश्यक सेवा से बदलकर पूंजीपतियों को सौंप रही है। छत्तीसगढ़ में सरप्लस बिजली उत्पादन होता है।

फिर भी छत्तीसगढ़ में आम जनता को महंगी दरों पर बिजली खरीदना पड़ रहा है। बिजली कटौती जारी है। पिछले दो महीने पहले राज्य सरकार द्वारा बिजली प्रति यूनिट 10 से 30 पैसे की बढ़ोतरी की गई। जुलाई 2025 से आम जनता को मिलने वाली बिजली हाफ योजना भी बंद कर दी गई। सरकार कह रही है कि सिर्फ 100 यूनिट बिजली तक ही हाफ योजना चलेगी।




इससे राज्य के 20 लाख से अधिक उपभोक्ता को बिजली की दोहरी मार झेलना पड़ेगा। रैली प्रदर्शन में पदमा पाटिल, प्रवीण शर्मा, अनिता साहू, शुभम पांडे, सरस्वती साहू, मेनका निषाद, नरेश साहू, सुनीता, आकाश सोनी, ओम उपाध्याय, दीपा कौशल, पूजा सागर, दीक्षा कौशल, ललिता साहू, गोदावरी साहू, तीजन सिन्हा, लेखराम साहू, संगीता रात्रे सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## एनईपी सिलेबस में ऐसे विषय शामिल जिससे स्टूडेंट्स संस्कृति को पहचान सकें

**दुर्ग।** पॉलीटेक्निक दुर्ग में नव प्रवेशित छात्र, छात्राओं के लिए 03 सप्ताह का परिचयात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण अरोरा प्रमुख रूपप से मौजूद थे। कुलपति ने कहा कि प्रथम सेमेस्टर में एनईपी सिलेबस में ऐसे विषयों को शामिल किया गया है जिससे विद्यार्थी भारत की संस्कृति को जान सकें।



उन्होंने अंतर विषयी उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भविष्य में एआई का समय रहेगा, जिसके फलस्वरूप हमें अपने आप को सक्षम करना है। इसमें एक पहल यह रहेगी की उद्योग जगत से लोगों को बुलाकर सेमीनार करवाया जाएं। इसमें तीन समस्याएं छात्रों के लिए छोड़ने के लिए कहा जाए। छात्र उन समस्याओं का समाधान खोजें। प्राचार्य प्रकाश कुमार पाण्डेय ने लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने भविष्य के लिए तीन रास्ते सुझाए, इसमें उच्च शिक्षा, रोजगार और खुद का व्यवसाय। इस अवसर पर प्रथम सेमेस्टर के प्रभारी डॉ. रचना सिंह नेपीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. राखी जंघेल, वर्षा वर्मा, डॉ. अर्चना साहू, टिकेश्वरी साहू, प्रदीप राजपूत, मनोज चंद्राकर, सीमा दिल्लीवार सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### आज मानस गान
अंडा। जय बजरंग बाल गणेश उत्सव समिति धनोरा मे आज 31 अगस्त रविवार को शाम 7 बजे से ज्ञान गंगा मानस परिवार सिलतरा बोरी धमधा वाले मांनस गान का आयोजन किया गया है।

### तीज महोत्सव आज,पूर्व गृहमंत्री होंगे शामिल
उतई। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अन्तर्गत ग्राम डुंडेरा में रविवार 31 अगस्त को मंगल भवन में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम आयोजक पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे ने बताया कि ग्राम डुंडेरा में ग्रामीण स्तरीय तीज महोत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्यातिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे।

### आम सभा आज
भिलाई। गुरु घासीदास सेवा समिति सतनाम भवन सेक्टर - 6, भिलाई में 31 अगस्त को सुबह 10:30 बजे आमसभा रखा गया है। समिति के सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की गई है। यह जानकारी महासचिव एनआर गिलहरे ने दी।

## निधन

### बृजकुंवर साहू
भिलाई। साहू पारा रामनगर निवासी



बृजकुंवर साहू का 29 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे जुड़वाना साहू की धर्मपत्नी थी।

### डीएस चौहान
भिलाई। बीएसपी के वित्त विभाग से



सेवानिवृत डीएस चौहान ( 88 वर्ष) का शनिवार सुबह हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 अगस्त रविवार सुबह 11 बजे एमआईजी-374 पदमनाभपुर दुर्ग से प्रारंभ होकर शिवनाथ नदी मुक्तिधाम, दुर्ग पहुंचेगी। भिलाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष राजेश चौहान के साथ योगेश, रजनी तथा सीमा सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### मंजुला बेन परमार
दुर्ग। एचआईजी-47 पद्मनाभपुर निवासी मंजुला बेन परमार 90 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार हरना बांधा मुक्तिधाम में की गई। वे विनोद परमार एवं प्रवीण परमार की मां थीं। वे भरापूरा परिवार छोड़ गई।

### अरुण महाजन
दुर्ग। एमआईजी-2, 123 हुडको



निवासी अरूण कुमार महाजन 69 वर्ष का निधन 30 अगस्त को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 अगस्त रविवार को दोपहर 12.30 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### विजय व्याघ्राम्बरे
भिलाई। सिंधिया नगर दुर्ग निवासी



विजय व्याघ्रांबरे (78) का शनिवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 अगस्त रविवार को सुबह 11 बजे उनके मकान नंबर 654 सिंधिया नगर स्थित निवास से शिवनाथ मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अमित व्याघ्रांबरे और अश्विनी मोडक के पिता थे।

### शेरसिंह ताम्रकार
दुर्ग। तमेरपारा निवासी शेर सिंह



ताम्रकार (शेरा) का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. बाबूलाल ताम्रकार के छोटे भाई, स्व. शिव ताम्रकार, अजित ताम्रकार के चाचा व आकाश ताम्रकार के दादाजी थे।

### प्रभाकर जोशी
दुर्ग। पद्मनाभपुर निवासी प्रभाकर



जोशी का एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा पद्मनाभपुर निवास से रविवार 11 बजे शिवनाथ मुक्ति धाम के लिए निकाली जाएगी। स्वर्गीय प्रभाकर जोशी जेष्ठ नागरिक संघ पद्मनाभपुर के सक्रिय सदस्य थे।

### टामिन बंछोर
भिलाई। आशीष नगर निवासी



टामिन बंछोर का लंबी बीमारी के बाद देहावसान हो गया। वे मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई के आशीष नगर निवासी योगेंद्र बंछोर एवं मरोदा सेक्टर निवासी भालेंद्र बंछोर की माता, दौलत बंछोर की धर्मपत्नी, सामाजिक कार्यकर्ता व बीएसपी अधिकारी गिरीश मढ़रिया की बुआ व विपिन बंछोर की चाची थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बरबसपुर पाटन में कर दिया गया।

---

### दुर्ग न्यायालय के सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# अधिवक्ताओं ने जाना डिजिटल फाइलिंग, समझा ई-कोर्ट मैनेजमेंट, ऑनलाइन सेवाओं से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

न्यायिक प्रक्रिया को डिजिटल और अधिक सुगम बनाने की दिशा में दुर्ग जिला न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उच्च न्यायालय बिलासपुर की स्टेट ज्यूडिशल एकेडमी के तत्वावधान एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय दुर्ग में अधिवक्ताओं के लिए ई-कोर्ट प्रोग्राम व कंप्यूटर स्किल एन्हांसमेंट प्रोग्राम लेवल 1 एवं 2) विषय पर आयोजित किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला न्यायालय दुर्ग के नवीन सभागार में आयोजित किया गया। इसमें जिला मुख्यालय दुर्ग, तहसील न्यायालय धमधा, भिलाई -3 एवं पाटन के नामित अधिवक्ताओं ने भाग लिया।



इस प्रशिक्षण का उद्देश्य अधिवक्ताओं को न्यायालयीन कार्यप्रणाली में तकनीकी साधनों का बेहतर उपयोग सिखाना, ई-कोर्ट मैनेजमेंट, डिजिटल फाइलिंग एवं ऑनलाइन न्यायिक सेवाओं से जोड़ना रहा। उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ न्यायालय प्रबंधक ने अधिवक्ताओं को ई-फाइलिंग की प्रक्रिया और उसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार अधिवक्ता तकनीक का उपयोग कर अपने कार्य को और तेज, पारदर्शी एवं प्रभावी बना सकते हैं।

#### डिजिटल कार्यप्रणाली वर्तमान समय की आवश्यकता
न्यायाधीशों ने बताया कि आने वाले समय में ई-फाइलिंग और डिजिटल कार्यप्रणाली न्याय व्यवस्था की रीढ़ साबित होगी। इसके जरिए समय और श्रम की बचत के साथ-साथ मामलों का शीघ्र निपटारा भी संभव होगा। इसके अतिरिक्त प्रकरणों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किस प्रकार उपस्थिति दर्ज की जा सकती है, इसके लाभ एवं प्रक्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। प्रतिभागी अधिवक्ताओं ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से उन्हें उनके रोजमर्रा के कामों को तकनीक के सहयोग से त्वरित गति से कैसे किया जा सकता है। इस संबंध में जानकारी दी गई। इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन आगे भी किए जाने की आवश्यकता के बारे में भी बताया गया।

---

# नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधि नरेश चन्द्र पहुंचे सांसद निवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

दुर्ग सांसद विजय बघेल ने धमधा नगर पंचायत में नरेश चन्द्र साहु को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति उपरांत आभार जताने नरेश चन्द्र साहु कार्यकर्ताओं को लेकर सांसद निवास पहुंचे।

■ धमधा नगर पंचायत में प्रतिनिधि नियुक्त हुए नरेश

इस मौके पर धमधा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्वेता प्रशांत अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र भट्ट, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजेंद्र दानी, पार्षद रमन लाल यादव,चेतन सोनकर,मलिक मोहम्मद कुरैशी, कीर्ति ताम्रकार चंदिका भट्ट, लक्ष्मी नारायण यादव,देवकी ताम्रकार,शशि यादव, दीप्ती गुप्ता, संगीता साहु,कुमारी बाई टोनडरे, डोमार सोनकर, भुषण धीवर, राजेन्द्र ताम्रकार,शवेता शर्मा, रोहित राजपूत, नवीन जैन,इन्द्र सेन यादव, आरुणी दानी,दीपक चौहान, मन्ना महोबिया,मोहन पटेल,पवन देवांगन, प्रदीप ताम्रकार, सुनील गुप्ता,बुधराम यादव पीयुस ताम्रकार , उज्जवल ताम्रकार,धरम पाल वर्मा,राजा राम पटेल, बनव वर्मा, दिलीप गुप्ता,छगन साहु, प्रभाकर शर्मा,रुमुक साहु,कौशल साहु,बहल वर्मा,सागर वर्मा,मनोज साहु,बलदाऊ पाल, सुनील सिन्हा, रामनरेश चौहान,गिरवर देवांगन, दुलारी मिश्रा, सोनिया मिश्रा, मंजू धीवर, मनिषा ताम्रकार,सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सांसद का आभार व्यक्त करते हुए नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधि को मुह मीठा कराकर खुशी जाहिर की है।

---

# वाटर हार्वेस्टिंग और वुमेन फॉर ट्री योजना की हुई स्पॉट चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लगातार गिरते हुए भूजल स्तर को देखने के बाद नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को शक्ति से लागू करने के निर्देश दिए हुए हैं । इन कार्यों की लगातार स्वयं मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं जिससे निगम क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बेहतरीन होते जा रहा है । इसके साथ-साथ वूमेन फॉर ट्री जो

■ निगम आयुक्त पांडेय ने नेहरूनगर में किया औचक निरीक्षण

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है । महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से वृक्ष लगाना और उसका संरक्षण करने की दिशा में भी आयुक्त राजीव कुमार पांडे महिलाओं को विशेष दिशा निर्देश भी दिए हैं । इसी कड़ी में निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू के साथ नेहरू नगर के शास्त्री उद्यान, मधु कामिनी उद्यान, बक्शी उद्यान, योगा उद्यान, राशि उद्यान आदि स्थलों का दौरा किए हैं। पौधों को व्यवस्थित और विधिवत लगाने हेतु दिशा निर्देश दिए हैं। वहां निर्मित वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को भी बारीकी से अवलोकन किए हैं और उपस्थित सहायक अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा को निर्देशित किए हैं। साथ ही साथ महिला स्व सहायता समूह द्वारा किए जा रहे वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया गया। वृक्षों को संरक्षित करने की दिशा में उचित दिशा निर्देश भी दिए ।



#### सड़कों व नालियों की सफाई पर जोर
इसके साथ-साथ सफाई व्यवस्था को लेकर भी निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय का औचक निरीक्षण रहा । जिसके तहत सड़कों एवं नालियों की सफाई का अवलोकन आयुक्त के द्वारा किया गया है । पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है । रेनवाटर हार्वेस्टिंग को लेकर नगर पालिक निगम भिलाई जिस तरह की रणनीति अपना रहा है और आम नागरिकों को जागरुक कर रहा है, इससे भविष्य में निगम क्षेत्र में पानी की कमी नहीं होगी । वह दिन दूर नहीं है जब भिलाई क्षेत्र का भूजल स्तर अपने प्राकृतिक रूप में आ जाएगा और क्षेत्र में पेयजल की समस्या पूर्णतः समाप्त हो जाएगी । निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, क्रिस्टोफर पाल उपस्थित रहे।

---

### स्टारलाइट फाउंडेशन का हुआ कार्यक्रम
भिलाई। स्टारलाइट फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 4 स्थित एसएनजी स्कूल में एनजीओ कॉन्क्लेव आजोजित हुआ। इस दौरान युवा सम्मिट कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में नेशनल ह्यूमेन वेलफेयर काउंसिल स्टेट चेयरनमेन व अखिल भारतीय उड़िया समाज प्रदेश सचिव तरुण निहाल मौजूद थे। इस दौरान चेयरमेन निहाल ने समाज के बदलते परिवेश को लेकर जानकारी दी।



---


## :: आम सुचना ::

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत होकर एवं उनके बताये गये अनुसार आम सूचना प्रकाशित करते है कि भूमिस्वामी युवराज सिंह उम्र 56 वर्ष, आ. श्री आर. बी. एस. चौहान निवासी एम. आई. जी. -02/429, हुडको आमदी नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो मौजा - ग्राम कोड़िया, प.ह.नं. -01 रा.नि.मं. अहिवारा, तह. अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.) जायदाद में भूमि खसरा नं. 683/3, 684/2, 684 / 3 685, 686, एवं 703 / 2 रकबा क्रमशः 0.260 हें., 0.600 हें., 0.330 हें. 0.580 हें., 0.550 हें., एवं 0.400 हें., कुल रकबा 2.720 हेक्टेयर भूमि स्थित है उसे खरीदने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि प्रदान कर दी गई है, केवल पंजीयन निष्पादन कराना बाकी है ।

अतः उक्त भूमि के क्रय विक्रय पर जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, साहूकार, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, निगम, धार्मिक संस्थान एवं अन्य को उजर दावा आपत्ति हो तो वे इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति हमारे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है । समयावधि समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सौदाशुदा भूमि के प्रतिफल की शेष राशि अदा कर हमारे पक्षकार अपने पक्ष में बयनामा निष्पादन कर पंजीयन करा लेवेंगे। समयावधि समाप्त होने पश्चात् की गई उजर दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी शून्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा निष्पादित पंजीकृत बयनामा दस्तावेज वैद्य होगी।

सो सूचना जाने।

स्थान- दुर्ग
दिनांक-30/08/2025

गैंदलाल यादव / डी. आर. यादव
अधिवक्ता
ओम् सांई नमन् एसो. जीवन प्लाजा काम्पलेक्स
शॉप नं. 17 जी.ई. रोड़ गंजपारा दुर्ग (छ.ग.)
मो. नं. 9827108870, 8839750130


---

# प्रधानमंत्री और उनकी मां पर कथित टिप्पणी के विरोध में थाने में शिकायत

भिलाई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मोहम्मद नौशाद द्वारा दरभंगा बिहार में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां पर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुपेला थाने में शिकायत की। भिलाई निगम के नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता सुपेला थाने पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वे जनता की सेवा कर रहा हैं। 28 अगस्त को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एवं मोहम्मद नौशाद अपमानसूचक शब्दों का उपयोग किया। मृतात्मा के प्रति अपनी मानसिकता का परिचय दिया। वह सनातन धर्म पर आघात है। सोशल मीडिया में इसे वायरल भी किया जा रहा है। विपक्ष के नेता एवं राष्ट्रीय जनता दल के नेता द्वारा जिस प्रकार से अपमान किया गया है, सबकी भावनाएं आहत करने जैसा कृत्य है। उन्होंने मामले में जांच कर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की। इस अवसर नोहर वर्मा, संजय सिंह, विनोद चेलक, राजकुमार सहित अन्य मौजूद थे।



---

# जनता का विश्वास, विकास का प्रमाण मुख्यमंत्री साय ने रचा इतिहास : वर्मा

पाटन। भाजपा प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरते हुए देशभर के मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर यह उपलब्धि न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश-दुनिया में बसे छत्तीसगढ़वासियों के लिए भी गौरव का विषय है। जितेन्द्र वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि अब छत्तीसगढ़ का स्वर्णिम युग प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ अब विकास की अविरल गाथा लिखते हुए विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करेगा।



---






---

## बिजनेस साइट

# बी.एड. प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 4 सितंबर तक

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त बीएड कॉलेजो में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 4 सितंबर तक है। बीएम कॉलेज, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए एवं बी.एड. कोर्स संचालित होता है। बीएड प्रवेश के लिए प्रथम काउंसलिंग 29 अगस्त से शुरू होकर अंतिम तिथि 4 सितंबर तक है। बीएड में प्रवेश की प्रक्रिया एससीईआरटी रायपुर के द्वारा काउंसलिंग के माध्यम से होगी। बीएड में प्रवेश के लिए कॉलेज कोड-114336 है, संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट 100% रहा है, बीएम कॉलेज की स्थापना वर्ष 2008 में हुई है। संस्था में आरक्षित वर्ग हेतु छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। बीएम प्राइवेट आई.टी.आई. गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग, एनसीवीटी दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत ट्रेड - कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट एवं स्टेनो हिंदी कोर्स संचालित होता है। आईटीआई वर्ष 2023 - 24 के परीक्षा परिणाम में ट्रेड स्टेनो हिंदी एवं फायर टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किए है जिन्हें छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया गया है। बी.एम. कॉलेज एवं आईटीआई में प्रवेश हेतु प्रवेश प्रारंभ है। विद्यार्थी सुविधा अनुसार फीस किस्तों में भी दे सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य ने दिया।




---

## अंचल में गणेशोत्सव की धूम



निकुम। नवयुवक गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड निकुम।



अंडा/उतई। जय बाल बजरंग गणेशोत्सव समिति।



जामगांव आर। श्री सिद्ध विनायक बाल समिति स्कूल पारा जरवाय।



उतई। अटल चौक मचांदुर।



उतई। बाल मित्र गणेश उत्सव समिति भाठा पारा मचांदुर।



उतई। सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति बजरंग पारा मचांदुर।



उतई। बाल गणेश बाजार चौक घुघसीडीह।

# श्री गणेश उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं...

जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा । माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥
एक दंत दयावंत, चार भुजा धारी । माथे पर सिंदूर सोहे, मूसे की सवारी ॥
जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा । माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥
पान चढ़े फूल चढ़े, और चढ़े मेवा । लड्डुअन का भोग लगे, संत करें सेवा ॥
जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा । माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥
अंधन को आंख देत, कोढ़िन को काया । बांझन को पुत्र देत, निर्धन को माया ॥
जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा । माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥
'सूर' श्याम शरण आए, सफल कीजे सेवा । माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥
जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा । माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥
दीनन की लाज रखो, शंभु सुतकारी । कामना को पूर्ण करो, जाऊं बलिहारी ॥
जय गणेश जय गणेश, जय गणेश देवा । माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥

## Nikhaar FANCY STORES
मांग टीके से पैर की बिछिया तक सम्पूर्ण ज्वेलरी का विशाल संग्रह
**Nikhaar Bangles**
दुल्हन के सेट व लांचा किराए पर उपलब्ध
थोक एवं चिल्हर विक्रता
- अमेरिकन डायमंड, कुंदन, पोल्की, पर्ल, एवं हाई फैशन ज्वेलरी का विशाल संग्रह
- ईमीटेशन एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी स्टोर

Mukesh Agrawal
9340378220, 9826186026
nikhaarjewellery-bhilai | Nikhaar Jewellery | Nikhaar Jewellery
Shop-47&49, 'A'-Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

## KK CONSTRUCTION
उच्च गुणवत्ता एवं उच्च मटेरियल सहित कंस्ट्रक्शन कार्य
1200 से शुरू
2 BHK, 3 BHK, 4 BHK मकान प्राइम लोकेशन मे उपलब्ध
आपकी पसंद का घर आपके बजट में आपके लोकेशन पर
संपर्क : 83191 82281, 88894 76422
पता : उमरपोटी मेन रोड, नेवई भिलाई (छ. ग. )

## Prem Enterprises
PREM ENTERPRISES
SANITARYWARE, PIPE & FITTINGS, PUMP & ELECTRICALS
नगद खरीदो सस्ता खरीदो
SANITARY | PLUMBING | ELECTRICAL | MACHINERY | & many more
Gada Chowk, Laxmi Market, Kohka Road, Bhilai (C.G.) Mob.: 8871561006

## हृदय रोग एवं क्रिटिकल केयर टीम
### आपके दिल का सच्चा साथी
NABH
क्या आप इन समस्याओं से ग्रस्त हैं ?
- हार्ट अटैक
- हृदय गति की अनियमितता
- धड़कन में गड़बड़ी
- हृदय के वाल्व से संबंधित विकार
- अनियमित कोलेस्ट्रॉल
- मोटापा, मधुमेह

पिछले 6 महीनों में हृदय रोग विभाग (Cardiology) की बड़ी उपलब्धियाँ
- 320+ सफल एंजियोग्राफी
- 81+ सफल एंजियोप्लास्टी
- 43+ पेसमेकर इम्प्लांट
- हार्ट फेलियर व इमरजेंसी के सैकड़ों सफल केस

ECG रिपोर्ट भेजें और जानिए अपने दिल की सेहत का हाल नि:शुल्क 7440711113

डॉ. आकाश बख्शी
MBBS, DNB
( CARDIOLOGY )

### ट्रॉमा यूनिट & क्रिटिकल केयर विभाग
डॉ. कुलदीप सिंह — M.S, M.ch (Neuro) — नस एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. अनुराग चंद्राकर — MBBS, M.S (Ortho) FIJR — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. दीपक कोठारी — PLASTIC AND MAXILLOFACIAL SURGEON
डॉ.खालिद बेग — MBBS, DNB (ANESTHESIOLOGY)
डॉ. राजेश सिंघल — MD.DNB CCEBDM, ACMDC(Diabetes) (INTERNAL MEDICINE)
डॉ. विशाल अग्रवाल — MBBS, DNB GENERAL MEDICINE

दुर्घटना में जीवनरक्षक -1 साल में 100 से अधिक मरीजों को नया जीवन।
हर पल है अनमोल
24x7 EMERGENCY
Ambulance Service at Your Doorstep
Emergency Number : 07883500539

97554 21861 , 0788-2990458
## आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल
NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

## श्री खाटू श्याम ज्योतिष
### जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान "ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है" "जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- | फोन से परामर्श केवल ₹251/-
पं. एस.के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### जन्म पत्रिका बनाई जाती है
- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

"जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान"
बुकिंग के लिए संपर्क करें
7470674060
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, रिलाइंस डिजिटल के पास गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग, (छ.ग.)
-: संपर्क सूत्र :-
पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस.के. शास्त्री : +91 9755964567

हरिभूमि **लाइव**


रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



03



वास्तु के अनुसार बेडरूम बनाएं और चैन की नींद लें, दूर होंगी सारी बाधाएं


## दिन पांचवां

### मूषक वाहन से सीखे संयम और नियंत्रण

### इच्छाओं और मन पर नियंत्रण में है सफलता का रहस्यः डॉ. अजय आर्य

**भिलाई।** गणेशोत्सव के पांचवें दिन का सूत्र है सफलता का रहस्य इच्छाओं और मन पर नियंत्रण में है। गणेश का मूषक वाहन हमें यही प्रेरणा देता है मन चंचल है, उसे साधो। इच्छाएँ अनंत हैं, उन्हें सीमित करो। संयम ही सफलता और शांति का सबसे बड़ा साधन है। गणपति महोत्सव के पांचवे दिन गणेश की सवारी मूषक महाराज के संदर्भ में डॉ अजय आर्य ने बताया कि भगवान गणेश का वाहन है छोटा सा मूषक यानी चूहा माना गया है। जो आकार में छोटा, स्वभाव से चंचल और इच्छाशक्ति से प्रबल होता है। मनुष्य का मन भी मूषक जैसा ही है कभी इधर तो कभी उधर भागता है। इच्छाओं को कुतरता है, लोभ में उलझ जाता है और स्थिर रहना नहीं जानता। इसीलिए गणेश का मूषक वाहन हमें यह स्मरण कराता है कि सच्चा विजेता वही है जो अपने मन और इच्छाओं पर संयम कर ले। तभी सफलता प्राप्त होगी। जीवन प्रबंधन की शिक्षा देते हुए बताया कि कार्यालय में इच्छाओं और गुस्से पर नियंत्रण न हो तो निर्णय गलत हो जाते हैं। संयमित अधिकारी ही उत्तम नेता बनता है। परिवार में रिश्तों को बचाए रखने के लिए संयम सबसे बड़ा साधन है। वाणी और क्रोध पर नियंत्रण ही सुख का आधार है। शिक्षा में विद्यार्थी के लिए सबसे बड़ी चुनौती मोबाइल है। जो अपने समय और मन को नियंत्रित करता है, वही श्रेष्ठ सफलता पाता है।







दुर्ग। गणपति विहार बोरसी चौक दुर्ग के गणपति।

## सिटी इवेंट

### रनैथॉन-2025 का आगाज, स्वस्थ जीवन शैली के लिए 5 अक्टूबर को दौड़



**दुर्ग।** यंग इंडियन्स दुर्ग चैप्टर द्वारा 5 अक्टूबर को अनंत्या ग्रीन्स में रनैथॉन-2025 का आयोजन किया गया है। यह रनैथॉन स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। रनैथॉन-2025 अंतर्गत 3 किमी, 5 किमी और 10 किमी की श्रेणियों में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित किए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में सभी वर्ग के लोग हिस्सा ले सकते हैं। सुबह 6 बजे दौड़ प्रारंभ होगी।

समापन भी अनंत्या ग्रीन्स के पास होगा। प्रतियोगिता में कुल 1 लाख रुपए के पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाने रनैथॉन में चिकित्सक एवं धावक डॉ. आलोक दीक्षित, पूर्व मिस इंडिया जूही व्यास दुर्ग, धावक उमेश कुमार राजनांदगांव के अलावा अन्य खिलाड़ी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। शनिवार को रनैथॉन आयोजन के पोस्टर और टी-शर्ट लॉन्च किया गया। अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक सुराना और सदस्य वेदांत कानाबार ने संयुक्त रुप से बताया कि आयोजन पूरी तरह हाईटेक होगा। रनैथॉन में प्रतिभागियों की टी-शर्ट में एक चिपकार्ड लगाया जाएगा। दौड़ वाले मार्ग पर प्रतिभागियों के एक-दूसरे चिप के सेंसर के संपर्क में आने पर प्रतिभागी की दौड़ की स्थिति आसानी से जानी जा सकेगी। इससे प्रतिभागियों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के चयन में पूरी पारदर्शिता बने रहेगी। चेस्ट नंबर, टी-शर्ट, मेडल, गुडी बैग व अन्य सामग्री उपलब्ध करवाए जाएंगे। पंजीयन शुरू हो चुका है। ऑफलाईन पंजीयन फर्स्टक्राई स्टोर अग्रसेन चौक नेहरुनगर, क्रेजी स्कूल गंजपारा, सुरेश ब्रदर्स सिविक सेंटर, अरिहंत कम्प्यूटर, रामाधीन मार्ग राजनांदगांव में किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रोफेशनल ट्रेनर्स के साथ जुम्बा वार्म-अप सेशन, लाइव डीजे म्यूज़िक और पारंपरिक ढोल की धुन का विशेष माहौल मिलेगा। आयोजन में यंग इंडियन्स के 104 सदस्य सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

- यंग इंडियन्स दुर्ग चैप्टर आयोजन के माध्यम से देगी स्वस्थ जीवनशैली का संदेश

● रजत जयंती वर्ष 25 का आयोजन, समारोह में जागरूकता की गई पहल

# नन्हें बच्चों की इंद्रधनुषीय प्रस्तुतियों ने खूब बटोरी तालियां रजत जयंती पर बाल विवाह उन्मूलन की ली शपथ

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष 2025 के अंतर्गत शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विवेकानंद भवन दुर्ग में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों से लेकर स्वास्थ्य शिविर तक कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। नन्हे-नन्हें बच्चों ने जब फैंसी ड्रेस में आकर अपना परिचय दिया, तब आयोजन स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। किसी ने पंजाब का पारंपरिक लोक नृत्य भांगड़ा और गिद्दा की प्रस्तुति दी तो किसी ने राजस्थान का घूमर लोक नृत्य और कुछ बच्चों ने देश भक्ति गीतों में प्रस्तुति दी। आयोजन के दौरान हेल्थ कैंप में सामूहिक स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। रजत जयंती वर्ष के आयोजन में महापौर अलका बाघमार अपने पार्षदों के साथ शामिल हुईं। उन्होंने बाल विवाह रोकने और महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया।

#### बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने डांस, फैंसी ड्रेस और बाल गीत की शानदार प्रस्तुतियां दीं। नन्हे-मुन्नों ने फैंसी ड्रेस में आकर अपना परिचय दिया, जिससे माहौल उत्साह और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सभी बच्चों के अभिभावकों ने बच्चों को खूबसूरत ढंग से तैयार कर पहुंचे थे। सभी अपने बच्चों को बेहतर प्रस्तुति देने लगातार प्रोत्साहित करते रहे। इस दौरान बच्चों ने पंजाब, राजस्थान, दक्षिण भारतीय वेशभूषा में नृत्य कर समां बांधा।।



#### हेल्थ कैंप में हुआ सामूहिक स्वास्थ्य परीक्षण

इस मौके पर लगाए गए हेल्थ कैंप में नागरिकों के साथ महापौर ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि स्वास्थ्य जांच जीवन में जरूरी है और इसे नियमित रूप से करवाना चाहिए। निशुल्क जांच कराने काफी संख्या में लोग पहुंचकर जांच कराई और विशेषज्ञ डाक्टर से सलाह भी ली।

#### महिला सशक्तिकरण व बच्चों के भविष्य पर जोर

महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य हैं, इसलिए उनके सर्वांगीण विकास पर सभी को ध्यान देना होगा।



#### -बाल विवाह के खिलाफ लिया गया संकल्प

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने बाल विवाह उन्मूलन के लिए शपथ ली और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर एमआईसी सदस्य शशि साहू, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, सरिता चंद्राकर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनिता सिंह,सीपी मिश्रा,सीमा मिश्रा,स्वेता सिंह,रेखा मानिकपुरी,कामिनी चंद्राकर, ममता यादव, शशि मानिकपुरी, भावना, दीपमाला, सहित विभागीय अधिकारी, बच्चों के पालक और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थियों का हुआ चयन, एथलेटिक्स वॉलीबॉल और स्केटिंग के विजेता हुए पुरस्कृत

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्डी राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। इस दौरान सीबीएसई क्लस्टर 2 वॉलीबॉल 17 आयु वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा द्वितीय स्थान रजत पदक प्राप्त करने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

- दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में राष्ट्रीय खेल दिवस-2025 का आयोजन





एथलेटिक्स, वॉलीबॉल और स्केटिंग प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत और सम्मानित किया गया। शाला के कई विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भी हुआ है। इस अवसर पर ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी में विशेष योगदान प्राप्त मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर न सिर्फ स्वस्थ मस्तिष्क का विकास कर सकता बल्कि एक अच्छा खिलाड़ी बनने में भी सहयोगी हैं। यदि हम स्वस्थ रहेंगे तो देश भी स्वस्थ होगा। आज की युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहिए।

इस अवसर पर शाला के प्राचार्य यशपाल शर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में जीवन में खेल के महत्व को समझाते हुए कहा कि खेल सिर्फ पुरस्कार प्राप्त करने के लिए ही नहीं खेला जाता, बल्कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भी खेल आवश्यक है साथ ही उन्होनें पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन शाला प्रमुख छात्र प्रज्ज्वल वर्मा द्वारा किया गया।

## ब्रजमंडल में आज मनाया जायेगा राधाष्टमी

**भिलाई।** ब्रजमंडल भिलाई द्वारा इस वर्ष भाद्रपद मास के शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि यानी आज राधाष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी और ब्रजकिशोरी राधारानी का जन्मोंत्सव राधाष्टमी महापर्व ब्रजमंडल भिलाई के गीता भवन से.6 स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में भक्ति भाव और उल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 9 बजे राधा-कृष्ण के युगल विग्रह का विशेष साज-श्रृंगार कर महाभिषेक किया जाएगा। सुबह 11 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत भगवान कृष्ण के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका की विशेष प्रस्तुति होगी और छोटे छोटे बालकों द्वारा कृष्ण और राधा रानी की वेशभूषा प्रतियोगिता होगी। संस्था द्वारा इस वर्ष जन्माष्टमी पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले स्थानीय बाल कलाकारों और वेशभूषा प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।



### महालक्ष्मी की स्थापना, तीन दिन पूजा की जाएगी

## महालक्ष्मी के मायके आने की तैयारी शुरू, ढाई दिवसीय महालक्ष्मी पूजन की आज से होगी शुरुआत

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** दस दिवसीय श्री गणेशोत्सव पर्व के साथ ही महाराष्ट्रीयन व मराठा परिवारों में महालक्ष्मी पर्व की धूम है। गणेशोत्सव पर्व के दौरान महालक्ष्मी भगवान गणेश से मिलने आज से तीन दिन के लिए मायके आयेंगी। इस दौरान माता लक्ष्मी की खूब आवभगत की जाएगी है। रविवार को शुभ मुहूर्त में महाराष्ट्रीयन परिवारों के घरों में आज महालक्ष्मी विराजित होंगी। ज्येष्ठा अनुराधा मूल नक्षत्र में तीन दिवसीय उत्सव होता है।



#### घर के बाहर रंगोली से चरण बनाकर महालक्ष्मी का करेंगे स्वागत

मराठी समाज में मान्यता है कि तीन दिनों के लिए देवी महालक्ष्मी अपने परिवार के साथ पृथ्वी लोक में भ्रमण के लिए आती हैं। उनके स्वागत के लिए ही यह पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। ढाई दिवसीय आयोजन के पहले दिन लक्ष्मी के रूप ज्येष्ठा-कनिष्ठा दोनों बहनों की प्रतिमाओं के साथ उनके बेटे-बेटी की भी स्थापना की जाती है। जिस प्रकार बेटी मायके आती है, उसी प्रकार माना जाता है कि महालक्ष्मी भी अपने मायके आईं हैं। परिवार के छोटे-बड़े सभी मिलकर आराधना करते हैं। घरों में फूलों, रंगोली और आकर्षक विद्युत सज्जा की जाती है। रामनगर निवासी ऊषा और शोभा अरुड़कर ने बताया कि भादो मास की सप्तमी तिथि पर महाराष्ट्रीयन परिवार में महालक्ष्मी जी का आगमन होता है। मान्यता अनुसार माता महालक्ष्मी अपने भाई गणेश से मिलने के लिए मायके आती हैं। माता लक्ष्मी के स्वागत के लिए भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है। आज को शुभ मुहूर्त में महालक्ष्मी का आह्वान कर स्थापना की जायेगी। घर के बाहर रंगोली से चरण बनाकर महालक्ष्मी को घर में प्रवेश कराया जायेगा। समाज के कई घरों में गौरी की प्रतिमाएं विराजित कर उन्हें साड़ी अर्पित कर साज-सज्जा की गई। हल्दी कुमकुम से पूजन कर आरती की जायेगी।

#### नवमी तिथि के दिन होगी वापसी

तीन दिन के कार्यक्रम के अंतर्गत पहले दिन महालक्ष्मी का आगमन, दूसरे दिन उनका भोजन रहता है। घर की महिलाएं 16 प्रकार की सब्जियां, चटनी और कई प्रकार के मिष्ठान बनाकर भोग लगाती हैं। इसके बाद पूजन कर महिलाओं का हल्दी - कुमकुम का कार्यक्रम चलता है।

**सुहागिनों से सोलह श्रृंगार** :महिलाएं महालक्ष्मी का सुहागिनों की तरह सोलह श्रृंगार करती हैं। गोद भरी जाती है। साथ ही महिलाएं और अन्य स्वजन भी नए कपड़े पहनकर तैयार होकर महालक्ष्मी का पूजन करते हैं। परिवार वाले तन-मन-धन से महालक्ष्मी की सेवा करते हैं ताकि कोई कमी न रह जाए।

विजयलक्ष्मी ने बताया कि हमारे यहां महालक्ष्मी के पूजन की परंपरा वर्षों पुरानी है। देवी की प्रतिमा के पीतल के मुखौटे हैं जो पीढ़ी दर पीढ़ी चले आ रहे हैं। अन्य परिवारों में भी अपनी-अपनी परंपराओं के अनुसार ही महालक्ष्मी का पूजन किया जाता है।



## सिटी इवेंट

### सेक्टर-7 दशहरा मैदान विराजे विघ्नहर्ता



भिलाई। सेक्टर-7 दशहरा मैदान गणेश पंडाल में युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल द्वारा गणेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ऑपरेशन सिन्दूर' थीम है पर आकर्षक सजावट दर्शकों को लुभा रही है। मंडल के अध्यक्ष चन्ना केशवलू ने बताया कि भक्ति संगीत, विशेष झांकियाँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## सिटी इवेंट

# 73 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई




भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अगस्त 2025 में 10 कार्यपालक व 63 गैर-कार्यपालक सहित 73 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में शनिवार को किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान करते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की और उन्हें स्वस्थ व सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर चित्त रंजन महापात्र, ए के चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, बिपिन कुमार गिरी, डॉ रवींद्रनाथ एम, अनुराग उपाध्याय और तापस दासगुप्ता उपस्थित थे। कार्यपालकों के लिए आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों ने अपने कार्यकाल की यात्रा साझा करते हुए अनुभवों और विचारों को व्यक्त किया। निदेशक प्रभारी ने कहा कि हम सब एक परिवार है, आप सबके महत्वपूर्ण सुझाव भविष्य में विकास के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे, हम निश्चित ही और बेहतर करेंगे। कार्यपालक निदेशकों ने अंत में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों को जीवन की नई पड़ाव के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

## समाज इवेंट

# चित्रांश चेतना मंच की नई कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

भिलाई। दुर्ग-भिलाई कायस्थ समाज की प्रतिनिधि संस्था चित्रांश चेतना मंच के आम सभा की बैठक में सभी के सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। यह बैठक चित्रगुप्त मंदिर परिसर जवाहर नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भिलाई में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से निवर्तमान अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा को फिर अध्यक्ष चुना गया, मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी राकेश मोहन श्रीवास्तव को व कोषाध्यक्ष पद आशीष सहाय को सौंपा गया। अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि यह केवल पद नहीं, समाज के विश्वास का उत्तरदायित्व है। वहीं मुख्य सचिव राकेश मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था का हर सदस्य समाज की धुरी है। समावेशी और सकारात्मक सोच से हम हर चुनौती को अवसर में बदलेंगे।



- **मनोज सिन्हा दोबारा अध्यक्ष, राकेश मोहन बने मुख्य सचिव**

संगठन के आगामी कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी के गठन के दौरान मनोज सिन्हा, सत्यनारायण भटनागर, संजय खरे, डा राकेश श्रीवास्तव, कमलकांत श्रीवास्तव, शैलेन्द्रकांत सक्सेना, प्रमोद सिन्हा, अमलेश सहित अन्य मौजूद रहे। आम सभा में सहायक कोषाध्यक्ष अचल श्रीवास्तव को दायित्व सौंपा गया। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर रेणू श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, मुकेश भटनागर, रुद्र नारायण सिन्हा, राजेश श्रीवास्तव, लालबाबू श्रीवास्तव, अंशुमन वर्मा, सुनील सहाय, प्रमोद श्रीवास्तव बनाए गए। वहीं संयुक्त सचिव पद पर साधना सहाय, किरण श्रीवास्तव, अपर्णा सिन्हा, चंद्रकांत श्रीवास्तव, प्रवीराज श्रीवास्तव, संदीप भटनागर, सुमीत सक्सेना, प्रशांत श्रीवास्तव नियुक्त किए गए।

## धर्म लाइव

# रामदेव मंदिर में रामकथा, ललित चंद्राकर ने की पूजा-अर्चना

दुर्ग। गंजपारा स्थित बाबा रामदेव मंदिर में जारी रामकथा में शामिल होने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर पहुंचे। उन्होंने प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना की। आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। प्रभु श्रीराम से सभी के कल्याण और मंगल की प्रार्थना की। इस अवसर पर आयोजित रामचरितमानस कथा का श्रवण कर दिव्य आनंद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस कथा हमें प्रभु श्रीराम जी के जीवन और उनके आदर्शों के बारे में बताती है। हमें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।



## राष्ट्रीय खेल दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम, खेलकूद में भाग लेने बच्चों को किया प्रोत्साहित

# खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि करियर निर्माण का सशक्त आधार भी, इसे जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं

भिलाई। केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विविध सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेलकूद में भाग लेने और इसे जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थी बड़े ही उत्साहित दिखे।

विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए खेलकूद के लाभ और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखते हैं। खेल जीवन में अनुशासन, संघर्षशीलता और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से खेलकूद में भाग लें और इसे जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गुंडाधुर पुरस्कार से सम्मानित अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी जूलियट विनय उपस्थित थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि यह करियर निर्माण का सशक्त आधार भी है। खेल आत्मविश्वास, एकाग्रता और टीम भावना को विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी खेलों में आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें कठिन परिश्रम और अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विद्यालय की उपप्राचार्य पुष्पा, प्रधान अध्यापक कमल सोनी सहित सुरेश कुमार, टकेश्वर साहू और पुरुषोत्तम साहू उपस्थित थे।



### खेल प्रतियोगिताएं व सम्मान समारोह आयोजित



सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, फिटनेस गतिविधियाँ और सम्मान समारोह आयोजित हुए। जिनमें कर्मचारियों तथा खेल प्रेमियों ने सक्रिय भागीदारी रही। क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा संचालित आयोजन में 50 कर्मचारियों में 15 महिला कर्मचारी ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह मरोदा सेक्टर मैदान में मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच से हुई। जिसके बाद सेक्टर-3 स्थित सीआईएसएफ मैदान में एथलेटिक्स स्पर्धाएँ 100 मीटर दौड़, भाला फेंक, और शॉट पुट का आयोजन किया गया। दिनभर चले इन खेल आयोजनों का समापन सेक्टर-1 स्थित पंत स्टेडियम बास्केटबॉल ग्राउंड में रोमांचक बास्केटबॉल मैच से हुआ। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद, महासचिव बीएसपी-ओपीए परविंदर सिंह उपस्थित हो कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।



### यह रहे विजेता

प्रतियोगिताओं में पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में बीआरएम के बंशी ने पहला स्थान प्राप्त किया, प्रवीण चाफले द्वितीय और एम एंड एचएस के ज्ञान सिंह तृतीय रहे। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में एसएमएस-3 की सरस्वती ने प्रथम स्थान पाया, जबकि मार्केटिंग की लता पिल्लई द्वितीय और एफ एंड ए की सरोज तृतीय रहीं।भाला फेंक स्पर्धा में यूआरएम के वेंकट रमणा विजयी रहे। द्वितीय स्थान राजहरा माइंस के प्रशांत और तृतीय स्थान बीएफ के राजवन्ना ने हासिल किया। महिलाओं की भाला फेंक प्रतियोगिता में प्लेट मिल की नीता ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि एसएमएस-2 की मोनिका और मार्केटिंग की लता द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। इस दौरान भिलाई पीजी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने विशेष श्रेणी में आयोजित 100 मीटर दौड़ में गायत्री साहू, आकांक्षा साहू और किरण ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, शॉट पुट प्रतियोगिता में पूर्णिमा प्रथम, किरण द्वितीय और सुष्मिता तृतीय रहीं।

**फिट इंडिया मूवमेंट की वर्षगांठ**

राष्ट्रीय खेल दिवस हर वर्ष हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मनाया जाता है। इसी दिन फिट इंडिया मूवमेंट की वर्षगांठ भी होती है। इस वर्ष युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने इस दिवस को ओलंपिक भावना और उसके कालातीत मूल्यों – उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान को भारत की श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित किया।

## दसलक्षण पर्व...

# जरुरतमंदों की सहायता के लिए आगे आए जैन समाज : साध्वी




भिलाई। त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 में दसलक्षण पर्व जारी है। इस दौरान जरुरतमंदों की सहायता के लिए जैन समाज के लोगों से आगे आने की अपील की गई। इसस अवसर पर बालक बालिकाओं ने नाटक की प्रस्तुति दी। उत्तम आरजव धर्म दिवस पर अष्टधातु की प्रतिमा का मंगल अभिषेक किया। जहां शांति धारा का सौभाग्य महावीर प्रसाद, सोमेश बाकलीवाल, जिनेंद्र जैन, सुरेंद्र परमीत, अजमेरा जैन, प्रवीण, पियूष, विकास छाबड़ा, अखिलेश जैन ने प्राप्त किया। मंच संचालन प्रशांत जैन ने किया। जिनेंद्र भगवान की मंगल आरती की गई। पारसनाथ दिगंबर जैन सभा सेक्टर 6 केसंरक्षक ज्ञानचंद बाकलीवाल, अध्यक्ष प्रशांत जैन, प्रवीण छाबड़ा, उपाध्यक्ष प्रदीप जैन आदि ने अष्टध्रव्य के साथ विधानमंडल पर मंगल कलश की स्थापना करते हुए भक्ति वंदना की। इस दौरान कहा गया कि यदि हम दूसरों के साथ धोखाधड़ी और छल कपट करेंगे और उसे आनंद मानेंगे तो हमारी विश्वसनीय और प्रमाणिकता नष्ट हो जाएगी। पंडित अतिशय शास्त्री के साथ साधना जैन और वरुण जैन ने देव शास्त्र गुरु की पूजन भक्ति भाव से की। महिला क्लब की महिलाओं ने जैन ध्वज लहराया। नाट्य प्रस्तुति संचालित करते हुए नीना जैन के साथ खुशबू जैन, नीलिमा जैन, पुष्पलता जैन, मंजू जैन, खुशबू जैन, किरण जैन आदि महिलाओं एवं बालिकाओं ने अपनी प्रस्तुति दी।



## कॉलेज में तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन

# टीचर्स ने पारंपरिक वेशभूषा में दिखाई अपनी संस्कृति,चूड़ी और बिंदी भेंट की



भिलाई। भिलाई महिला महाविद्यालय सामाजिक दायित्व प्रकोष्ठ द्वारा तीज उत्सव पारंपरिक उल्लास के साथ सेलिब्रेट किया गया। जिसमें भारतीय संस्कृति और परंपराओं की जीवंतता दिखाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रतिमा छाया क्लॉडियस शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित थे। प्राचार्य द्वारा सभी स्टाफ को तीज त्यौहार की बधाई देते हुए हरी चूड़ियां और लाल बिंदिया भेंट कर प्राध्यापिकाओं द्वारा पारंपरिक गीतों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक वेशभूषा में प्राध्यापिकाओं की उपस्थिति रहा। सभी की सहभागिता ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया।पारंपरिक वेशभूषा में टीचिंग स्टाफ द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। प्राध्यापिकाओं ने अपने हाथों में मेहंदी रचाई, जो इस त्योहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना। पारंपरिक गीतों के गायन का भी आनंद लिया गया। इस दौरान, सहभागियों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर दोस्ती व स्नेह के बंधन को मजबूत किया। इस उत्सव के दौरान सभी को अपनी संस्कृति से जुड़ने और एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशी मनाने का अवसर मिला। जिससे सभी ने अपने-अपने रीति-रिवाजों से एक दूसरे को अवगत कराया। महाविद्यालय के इस आयोजन में भारतीय संस्कृति और परंपराओं की जीवंतता दिखाई दी। कार्यक्रम का संचालक सामाजिक दायित्व प्रकोष्ठ मेंबर्स डॉ निधि मोनिका शर्मा, डॉ सरिता जोशी, डॉ सबिहा नाज, डॉ अनुपमा श्रीवास्तव, गीतांजलि द्वारा किया गया।



## नेहरू नगर दिगम्बर जैन मंदिर में धर्मसभा का आयोजन

# सरलता, सच्चाई व ईमानदारी उत्तम धर्म है, मन, वचन और कर्म में एकरूपता रखकर जीवन को बनाएं सरल : आर्यिका

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। व्यक्ति बहरूपिया हो चुका हैं। वह दिखता कुछ है, दिखाता कुछ है, होना कुछ और चाहता है। उत्तम आर्जव धर्म का अर्थ है हृदय की सरलता, कपट और मायाचार का अभाव। जो मन, वचन और कर्म में एकरूपता रखने पर जोर देता है, अर्थात जो मन में हो वही वचन में कहा जाए और वही कार्य किया जाए। जीवन के इस गूढ़सूत्र की बातें आर्यिका मां अक्षयमती व निर्मदमती माता ने अपने प्रवचनों में कहीं। नेहरू नगर दिगंबर जैन मंदिर में शनिवार को सामूहिक पूजन और अभिषेक का कार्यक्रम पूरे भक्ति भाव से भरे वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान शांतिधारा करने का अवसर पर प्रेमलता, श्वेता भरत गोधा, आशीर्वाद आर्जव गोधा परिवार व सरोज, बब्बी राजू जैन, बबीता प्रदीप जैन, अंश, यश, हर्ष, हर्षिता जैन परिवार को प्राप्त हुआ। सुबह से भक्तों द्वारा अभिषेक करने के बाद देव-शास्त्र-गुरु, सोलहकारण, पंचमेरु, दसलक्षण पूजन कर अर्घ अक्षत अर्पित किए गए।





### धर्म पापों का नाश कर देता है आनंद

आर्यिका मां अक्षयमती व निर्मदमती माता ने प्रवचनों में कहा कि व्यक्ति आजकल अलग-अलग रूपों में रोल प्ले कर रहा है। मन, वचन और कर्म में एकरूपता रखने पर जोर दिया। इस धर्म के पालन से जीव का कल्याण होता है, क्योंकि यह जीवन में सच्चाई, विश्वास और ईमानदारी लाता है। आत्मा का स्वभाव सरल ही होता है, लेकिन मायाचार के कारण वह टेढ़ापन अपना लेता है। आर्जव धर्म आत्मा को उसके स्वाभाविक सरल स्वभाव में वापस ले जाने का मार्ग है। कपटपूर्ण विचारों को त्यागने से ईमानदारी का गुण प्राप्त होता है, जो अनंत विश्वास और ज्ञान का प्रतीक है। यह धर्म पापों का नाश करके सुख और आनंद की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। रात्रिकालीन एकल भजन प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में निश्चय, आग्रह, प्रेरिता, रुपेश जैन को प्रथम व पार्थवी, अथर्व, अनंत, अपूर्व, को द्वितीय और हितार्थ, स्वर्णिका, आनंद जैन को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस अनुष्ठान में विधानाचार्य अनेकांत जैन के द्वारा सभी क्रियाएं सम्पन्न कराई गई। कार्यक्रम में गौरव जैन, संदीप विद्याश्री, सचिन जैनम, रमेश नाहर, राजकुमार जैन, अशोक पहाड़िया, संयोजक जितेंद्र जैन सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।



## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर स्टेट क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की जीत, प्रथम ने बनाए 68 रन



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी की ओर से मेंस अंडर-23 इंटर स्टेट वन डे अभ्यास मैच 2024-25 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित बंगाल, झारखंड, पुडुच्चेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। शनिवार को छत्तीसगढ़ का चौथा मैच पुडुच्चेरी सेक्रेटरी 11 के विरुद्ध पुडुच्चेरीमें खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पुडुच्चेरी सेक्रेटरी 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में सभी 9 विकेट खोकर 216 रन बनाए। पुडुच्चेरी सेक्रेटरी 11 की ओर से विकास कुमार गुप्ता ने सर्वाधिक 56 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त नमन ने नाबाद 44 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से विजय यादव, दीपक यादव तथा गर्व सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर 23 टीम ने 46.1 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 220 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रथम जाचक ने 68 रन तथा साहिल रजत शरीफ ने नाबाद 60 रन बनाये। पुडुच्चेरी सेक्रेटरी 11 अंडर 23 की ओर से किशन कुमार तथा सात्विक ने 2-2 विकेट लिए।

### खेल और टीमवर्क की मिसाल बना शिवोम बैडमिंटन प्रीमियर लीग



**रायपुर।** शिवोम विद्यापीठ संस्था में 29 एवं 30 अगस्त को दो दिवसीय बैडमिंटन प्रीमियर लीग 2025 का भव्य आयोजन किया गया। यह इंट्रा-स्कूल प्रतियोगिता संस्था की तीनों संस्था सांकरा, रायपुरा एवं चांगोराभाटा के बीच हुई। जिसमें प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी खेल-प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता का आयोजन शिवोम विद्यापीठ सीबीएसई सांकरा के स्पोर्ट्स एरेना ग्राउंड में हुआ,जहाँ दो दिनों तक खिलाड़ियों ने रोमांचक मुकाबलों से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में गर्ल्स जूनियर सिंगल विनर लावण्या , रनर-अप ज्ञाना, गर्ल्स जूनियर डबल्स विनर समृद्धि और लावण्या , रनर-अप निमिता और सेजल, बॉयस जूनियर सिंगल विनर आदित्य, रनर-अप प्रतीक, बॉयस डबल्स जूनियर विनर अभिनव और दुष्यंत रनर-अप आदित्य और यश,मिक्स्ड डबल्स जूनियर विनर रुद्रांश और मीत,रनर-अप आकृति और ध्रुव, गर्ल्स सीनियर सिंगल विनर आरना, रनर-अप तारुषि,बॉयस सीनियर सिंगल विनर उमंग, रनर - अप तुषार,बॉयस डबल्स सीनियर विनर उमंग और कृतज्ञ , रनर-अप चैतन्य और वंश,गर्ल्स डबल्स सीनियर विनर आरना और अनुभूति, रनर-अप तारुषि एवं आन्या,मिक्स्ड डबल्स सीनियर विनर जितेंद्र एवं मानसी , रनर-अप भूमिका और विश्वास रहे। खिलाड़ियों ने खेल भावना और टीमवर्क का परिचय देते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। पूरे ग्राउंड में खेल का जोश और उत्साह देखने लायक था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएँ एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। संस्था के असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ₹ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का भी विकास करते हैं। शिवोम विद्यापीठ सदैव खेल और शिक्षा के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### भारी बारिश के चलते टल गया क्रिकेट का जिला ट्रायल्स




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट हेतु नारायणपुर जिले में आयोजित होने वाले अंडर-14 एवं अंडर-19 वर्ग के ट्रायल्स को अत्यधिक बारिश के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह ट्रायल 31 अगस्त रविवार को आयोजित होने वाला था। नई तिथि बहुत जल्द घोषित की जाएगी।

### इंटर स्टेट एथलेटिक्स में छत्तीसगढ़ की संकीर्तना रही तृतीय



**रायपुर।** 64वीं राष्ट्रीय इंटर स्टेट वरिष्ठ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 20 से 24 अगस्त तक चेन्नई में आयोजित की गई। जिसमे छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स टीम की खिलाड़ी थोटा संकीर्तना ने 800 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रशिक्षक परमेश्वर राम भगत ने बताया कि इस बेहतरीन प्रदर्शन से खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है।


---

दिल और दिमाग की सेहत का असर पड़ता है शरीर के दूसरे अंगों पर

# दिल और दिमाग दोनों में संतुलन बनाकर आप रहेंगे स्वस्थ, कई बीमारियों का खतरा होगा कम

क्या आप जानते हैं कि आपके मस्तिष्क और हृदय का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है? या यूं कहें कि एक दूसरे पर निर्भर है। यानी अगर दिल या दिमाग में से कोई भी अस्वस्थ है तो इसका दुष्प्रभाव दूसरे अंग पर देखा जा सकता है। शोधकर्ताओं ने भी अध्ययन में पाया कि जिन लोगों का दिमाग स्वस्थ होता है उनमें हार्ट की समस्याओं के विकसित होने का खतरा कम होता है, वहीं जिन लोगों का हृदय स्वस्थ होता है उनमें डिमेंशिया-अल्जाइमर जैसी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारी गड़बड़ दिनचर्या और खान-पान की समस्या के कारण इन दोनों अंगों पर कई प्रकार से नकारात्मक प्रभाव देखा जा रहा है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल, जंक-फास्ट फूड्स का अधिक सेवन और व्यायाम की कमी न सिर्फ आपमें हृदय की बीमारियों का खतरा बढ़ा रही है साथ ही इसका मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर हो सकता है।

आइए दिल और दिमाग के इस कनेक्शन को समझने की कोशिश करते हैं।



### हार्ट और दिमाग का कनेक्शन

अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि आप अपने हृदय को स्वस्थ रखकर, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी मस्तिष्क संबंधी समस्याओं के जोखिम को भी कम करते हैं। असल में हामारा हृदय, वाहिकाओं के माध्यम से मस्तिष्क सहित शरीर के हर हिस्से में रक्त पंप करता है। रक्त वाहिकाओं के क्षतिग्रस्त होने से हृदय रोग, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। फिनलैंड के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि वयस्कावस्था में जिन लोगों ने अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रयास किए उनमें आगे चलकर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों जैसे अल्जाइमर और डिमेंशिया के विकसित होने का खतरा 40 फीसदी तक कम पाया गया।



### जानते हैं इन दोनों अंगों को स्वस्थ रखने के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं?

**आहार का ध्यान रखना सबसे जरूरी:** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, भोजन को स्वस्थ रखकर और दिल और दिमाग दोनों से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को कम कर सकते हैं। आहार में साबुत अनाज, नट्स, मौसमी फल और सब्जियां, दालें, ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजों का नियमित रूप से सेवन करना आपकी रक्त वाहिकाओं को स्वस्थ रखने और मस्तिष्क में होने वाली दिक्कतों को कम करने में लाभकारी हो सकती है। आहार को स्वस्थ रखकर आप दिल की बीमारियों के खतरे को 40 फीसदी तक कम कर सकते हैं।

**नियमित व्यायाम बहुत जरूरी :** नियमित व्यायाम संपूर्ण शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इससे हृदय और दिमाग में रक्त का प्रवाह बढ़ाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को प्रतिदिन कम से कम 150 मिनट का व्यायाम करने की सलाह देते हैं। व्यायाम करने से सेंडेंटरी लाइफस्टाइल के कारण शरीर को होने वाली समस्याओं के जोखिमों को भी कम किया जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि जो लोग नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी बीमारियों के विकसित होने का खतरा कम हो सकता है।

**मस्तिष्क का आराम देना जरूरी:** मस्तिष्क का आराम देने के लिए प्रयास करते रहना भी बहुत आवश्यक है, इसके लिए मेडिटेशन और रिलैक्सेशन जैसे अभ्यास किए जा सकते हैं। मेडिटेशन से न सिर्फ मस्तिष्क को आराम मिलता है साथ ही इससे ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल रहता है।



# लॉकर के आसपास नहीं रखनी चाहिए ये चीजें, रूठ कर चली जाती हैं लक्ष्मी

हम सभी अपने घर व ऑफिस में पैसे रखने के लिए एक निश्चित जगह तय करते हैं। पैसे हर व्यक्ति के लिए बेहद अहम् है और इसलिए इन्हें सुरक्षित तरह से रखने के लिए तिजोरी का इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है। जब तिजोरी या उसके आसपास की जगह का खास ध्यान रखा जाता है तो इससे लक्ष्मी माता काफी प्रसन्न होती है। चूंकि तिजोरी का संबंध धन व देवी लक्ष्मी से है, इसलिए आपको अतिरिक्त सावधान रहना चाहिए।

### फटी-पुरानी किताबें ना रखें

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें किताबें व नॉवल पढ़ने का शौक होता है। लेकिन वे अक्सर पढ़ने के बाद उन किताबों को तिजोरी के पास ही रख देते हैं। हालांकि, ऐसा करना सही नहीं माना जाता है। दरअसल, किताबों में तरह-तरह के विषय और तस्वीरें होती हैं, जो कभी-कभी नेगेटिविटी क्रिएट करती हैं। इसलिए, तिजोरी के आसपास फटी-पुरानी किताबें नहीं रखनी चाहिए।

### ना रखें झाड़ू

कभी-कभी हम ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन तिजोरी के आसपास झाड़ू रख देते हैं। लेकिन तिजोरी के आसपास किसी तरह का कूड़ा-कचरा या झाड़ू नहीं होना चाहिए। दरअसल, इस तरह की गंदगी से लक्ष्मी मां रूठ जाती है। कोशिश करें कि आप झाड़ू के (झाड़ू के वास्तु टिप्स) अलावा पुराने कपड़े या अन्य कोई भी बेकार सामान वहां पर ना हो।




### ना रखें कोर्ट के कागज

यह भी हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि आप तिजोरी के अंदर या उसके आसपास किसी तरह के कोर्ट कचहरी से जुड़े कागज नहीं रखने चाहिए। कुछ लोग यह सोचकर कोर्ट के कागज वहां पर रख देते हैं, कि वे वहां पर सुरक्षित रहेंगे। जबकि यह वास्तव में बहुत बड़ी गलती होती है। अगर आप कोर्ट के कागज तिजोरी में रखते हैं तो इसका अर्थ यह होता कि आपका सारा पैसा कोर्ट के केस में ही खर्च हो जाए। बेहतर होगा कि आप उन्हें अलग से अलमारी में रखें।

### ना रखें अतिरिक्त सामान

कई बार ऐसा होता है कि हम अपनी तिजोरी (तिजोरी में रखें हल्दी की गांठ रखने के फायदे) किसी टेबल पर रखते हैं और जब उसमें अतिरिक्त जगह होती है तो हम अपना बेकार का सामान वहां पर रख देते हैं। लेकिन आपको बिना सोचे-समझे अतिरिक्त सामान नहीं रखना चाहिए।

# वास्तु के अनुसार बेडरूम बनाएं और चैन की नींद लें, दूर होंगी सारी बाधाएं



बेडरूम वह जगह है जहां आप अपनी दिन भर की थकान को मिटाकर नई उर्जा प्राप्त करते हैं। वास्तु के अनुसार वैवाहिक जीवन को प्रेम और सुकून से जीने के लिए पति-पत्नी का शयनकक्ष बहुत महत्व रखता है।


### सही दिशा देख लें

अपनी विवाहित जिंदगी को जीने के लिए प्रेम और आकर्षण की दिशा उत्तर-उत्तर-पश्चिम के क्षेत्र में अपना शयनकक्ष बना सकते हैं, इस दिशा में कमरा होने से उनके आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता आती है, जिससे जीवन में प्रेम बना रहेगा। पश्चिम जोन लाभ और प्राप्तियों का है ,इसलिए इस जोन में बना बेडरूम दंपत्ति के लिए जीवन के हर क्षेत्र में लाभ और धन की प्राप्ति के लिए श्रेयस्कर है।

पति-पत्नी को उत्तर पूर्व दिशा के कमरे में या इस दिशा में बेड लगाने से परहेज करना चाहिए। वास्तु विज्ञान के अनुसार उत्तर- पूर्व दिशा का स्वामी गुरु होता है, जो यौन संबंध में उत्साह की कमी लाता है जिसकी वजह से दांपत्य जीवन नीरस होने लगता है और आपस में तालमेल की भी कमी आती है। अग्नि के दिशा क्षेत्र दक्षिण-पूर्व में बेडरूम होने से पति-पत्नी का व्यवहार बेवजह ही आक्रामक होता जाता है और कई बार छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करना उसकी आदत में शामिल हो जाता है जिससे दोनों के बीच मनमुटाव रहता है।

### इस दिशा में सिर करके न सोएं

जिस प्रकार पृथ्वी का उत्तरी ध्रुव है ठीक उसी प्रकार से मनुष्य शरीर का मस्तिष्क वाला हिस्सा उसका उत्तरी पोल माना गया है। अतः सम्पूर्ण सुखद विश्राम के लिए आपको सिर सदैव दक्षिण ध्रुव की ओर करके सोना चाहिए ताकि चुम्बकीय तरंगें सही दिशा में प्रवाहित हो सकें। इसके विपरीत उत्तर दिशा में सिर रखकर सोने से चुंबकीय प्रवाह अवरुद्ध होकर बिगड़ जाएगा, जिससे आपको ठीक से नींद नहीं आ पाएगी। वास्तु के अनुसार इस दिशा में सिर करके सोने से नींद बाधित होती है जिस कारण सिरदर्द रह सकता है।



# बिस्तर पर लेटकर करें योगासन, मिलेंगे फायदे

गलत लाइफस्टाइल और खानपान से लोगों की सेहत पर प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण लोग कई बीमारियों से ग्रसित होने लगते हैं। इन में मोटापा, थकान, शरीर दर्द और तनाव आदि शारीरिक और मानसिक समस्या शामिल हैं। इस तरह की शारीरिक समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए योगासन लाभकारी होता है। योगासन का नियमित अभ्यास गलत जीवन शैली और पौष्टिक आहार की कमी से होने वाली समस्याओं से राहत दिलाता है। हालांकि भागदौड़ भरी लाइफस्टाइल में लोगों के पास योग या व्यायाम करने तक का समय नहीं मिल पाता। लेकिन सेहत को दुरुस्त रखने के लिए कुछ ऐसे योगासन हैं जो रोज सुबह नींद खुलने के बाद आप बेड पर ही कर सकते हैं। सुबह सुबह योगासन का अभ्यास मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। योगासन से शारीरिक समस्याएं कम होने के साथ ही तनाव और चिंता भी कम होती है। जानिए उन पांच योगासनों के बारे में, जिन्हें रोजाना सुबह आसानी से आप बिस्तर पर कर सकते हैं।

### भुजंगासन



रोजाना भुजंगासन का अभ्यास करने से भुजाएं मजबूत होती हैं। मांसपेशियों में खिंचाव आता है, जिससे बेली फैट कम होता है और रीढ़ में लचीलापन आता है। भुजंगासन का अभ्यास करने के लिए बिस्तर पर पेट के बल सीधा लेटकर दोनों हाथों को कंधे के सामने ले आएं। फिर दोनों हाथों को कंधे पर सामने लाते हुए पूरा शरीर एक सीध में रखें। अब ऊपरी हिस्से को भुजाओं से उठाएं और पैर सीधे रखते हुए कमर से ऊपर का हिस्सा हवा में रखें। कुछ देर इसी अवस्था में रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।

### बटरफ्लाई पोज

बद्धकोणासन को बटरफ्लाई पोज कहते हैं, जिसके अभ्यास से हिप्स और जांघों की मांसपेशियों में खिंचाव आता है और चर्बी कम होती है। पैरों में मजबूती और हिप्स शेप के लिए भी यह योगासन फायदेमंद है। इस योगासन को करने के लिए बिस्तर पर सीधा बैठकर दोनों पैरों के घुटनों को अंदर की तरह मोड़ें। अब पैरों के दोनों तलवे आपस में जोड़ते हुए दोनों हाथों से पैरों को पकड़ लें। अब जांघों को हिलाएं। इसी अवस्था में रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।

### पवनमुक्तासन

शरीर में लचीलेपन और रीढ़ की हड्डी मजबूत करने के लिए पवनमुक्तासन करें। पवनमुक्तासन से शरीर की थकान दूर होती है। इस आसन को करने के लिए बिस्तर पर लेटकर दोनों पैरों को आपस में मोड़ लें। फिर घुटनों को छाती पर लगाने हुए दोनों हाथों से पैरों को समेटें। इसी अवस्था में रहते हुए लंबी-लंबी सांस लें और छोड़ें।



---

कार्नर न्यूज

नमी भरे इस मौसम में कान पर ध्यान देना जरूरी

# कानों में आती रहती है घंटी बजने जैसी आवाज तो रहें सावधान, इशारा हो सकता है गंभीर बीमारी का

हमारे शरीर के सभी अंग आपस में एक दूसरे से कनेक्टेड होते हैं, यही कारण है कि किसी एक अंग में होने वाली समस्या के कारण पूरा शरीर प्रभावित हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम सभी अक्सर हृदय-फेफड़े जैसे अंगों में होने वाली समस्याओं को लेकर तो अलर्ट रहते हैं और इसे ठीक रखने के लिए प्रयास भी करते रहते हैं, पर आंख-कान जैसे अंगों की सेहत पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। हालांकि इन अंगों में होने वाली समस्याओं के कारण भी शरीर में गंभीर दुष्प्रभावों का जोखिम हो सकता है।

आज हम कान में अक्सर घंटी बजने जैसी आवाज आने की समस्या के बारे में जानेंगे। क्या आप भी इस तरह की दिक्कत महसूस करते रहते हैं? अगर हां तो तुरंत अलर्ट हो जाइए, कहीं ये टिनिटस की दिक्कत तो नहीं है?

कानों की इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत होती है क्योंकि जिन कारणों से ये समस्या विकसित होती है, उसके दीर्घकालिक जोखिम हो सकते हैं।



### टिनिटस की समस्या के बारे में जानिए

कानों में आवाज आने की समस्या यानी टिनिटस के कारण आप अपने एक या दोनों कानों में घंटी बजने या शोर जैसी आवाज का अनुभव कर सकते हैं। आप जो आवाज सुनते हैं वह किसी बाहरी ध्वनि के कारण नहीं होता है और अन्य लोग इसे नहीं सुन सकते हैं।

टिनिटस बहुत आम सी समस्या है और यह लगभग 15% से 20% लोगों को प्रभावित करती है। विशेषरूप से वृद्ध लोगों में इसके होने का खतरा अधिक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टिनिटस आमतौर पर किसी अंतर्निहित समस्या के कारण हो सकती है जिसपर ध्यान देना और इलाज कराना बहुत आवश्यक हो जाता है।

### चोट-संक्रमण हो सकती है वजह

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टिनिटस आमतौर पर किसी अंतर्निहित समस्या जैसे उम्र से संबंधित सुनने की बीमारी, कान में चोट या संक्रमण, संचार प्रणाली की समस्या के कारण हो सकती है। अगर इन स्थितियों का समय पर निदान या उपचार न हो पाए तो इसके कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का भी खतरा रहता है।

टिनिटस की समस्या का कारण सर्दी जैसा ऊपरी श्वसन संक्रमण भी हो सकता है, जिसपर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक होता है। टिनिटस का अगर समय पर इलाज न हो पाए तो इससे कानों में और भी कई तरह की दिक्कतें, यहां तक कि बहरापन भी हो सकता है।

### हमेशा के लिए जा सकती है सुनने की शक्ति

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हमारे कान के आंतरिक हिस्से में छोटी, नाजुक कोशिकाएं होती हैं जो ध्वनि तरंगें मिलने पर हिलती हैं। यदि आंतरिक कान में कुछ समस्या आ जाए तो इसके कारण भी टिनिटस हो सकता है और समय पर इसका इलाज न होने पर कानों की शक्ति भी जा सकती है। इसके अलावा कानों में संक्रमण या कान की नलिकाओं में रुकावट के कारण भी आपको ये दिक्कत हो सकती है। कानों में संक्रमण का समय पर इलाज न होने पर इसका असर मस्तिष्क और अन्य हिस्सों में भी होने का जोखिम रहता है। इस मौसम में कान की सेहत पर ध्यान देना बेहद जरूरी है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ग्रैमी विनर पॉप स्टार को लेकर भागा सिक्यॉरिटी, लोग पूछ रहे सवाल



साउथ अफ्रीकन पॉप स्टार टायला का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उन्हें एक पार्टी के बाद सिक्यॉरिटी गोद में उठाकर ले जाती दिख रही है। अब ये नजारा लोगों को हैरान कर रहा है। ब्राजील के साओ पाउलो में एक परफॉर्मेंस के बाद की इस घटना में टायला को होश में नहीं देखा गया, जिससे उनकी सेहत को लेकर सवाल उठ रहे हैं।
साउथ अफ्रीकी पॉप स्टार टायला का एक वीडियो सामने आया है जिसे देखकर लोग चिंतित हो गए हैं। एक वीडियो ऑनलाइन वायरल हुआ, जिसमें दिखाया जा रहा है कि कोई गार्ड उन्हें गोद में उठाकर दोड़ते हुए कार तक ले जा रहा है।
हालांकि, बताया जा रहा है कि ये घटना 20 अगस्त की सुबह ब्राज़ील के साओ पाउलो में हुई एक पार्टी के दौरान की है। यहां सिंगर परफॉर्म कर रही थीं। ट्विटर पर कुछ क्लिप्स वायरल हैं जिनमें सिंगर हरे रंग के लिबास में हैं और सिक्यॉरिटी उन्हें कंधे पर उठाकर भाग रहे हैं। इसके बाद इस वीडियो में कार में बैठा कोई शख्स उन्हें अपनी गोद में बिठा लेता और सिंगर अपने होश में नहीं दिख रही हैं। हालांकि इस वीडियो में टायला का चेहरा साफ-साफ नहीं दिख रहा है और न ये कन्फर्म हो पाया है कि ये वही हैं या फिर कोई और। हालांकि, पार्टी के एक अन्य वीडियो में उन्हें एक अन्य महिला के साथ बातचीत करते और साथ मिलकर एक वीडियो रील बनाते हुए दिखाया गया है, जिसके बाद कहा जा रहा है कि वो महिला टायला ही थीं। क्लिप में वह पार्टी में जोश से नाचती हुईं और काफी खुश दिखाई दे रही थीं। अब हर किसी के मन में सवाल यही उठ रहा है कि आखिर पार्टी में वो बेहोश क्यों हो गईं।

### टॉलीवुड

## एक्शन-एडवेंचर से भरपूर 'मिराय' का ट्रेलर रिलीज, दमदार अंदाज में दिखे तेजा सज्जा



'हनुमान' फेम एक्टर तेजा सज्जा स्टारर फिल्म 'मिराय' का मच अवेटेड ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। इस एक्शन-एडवेंचर फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, अब फिल्म का दमदार ट्रेलर सामने आया है। ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन भी देखने को मिल रहा है और तेजा सज्जा एक बार फिर आपको 'हनुमान' फिल्म की याद दिलाते नजर आएंगे। 3 मिनट 6 सेकंड लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत तेजा के किरदार के एक ट्रेन से गिरने और एक बड़े बाज का सामना करने से होती है। जल्द ही, रितिका का किरदार पहले से ही उत्पात मचा रहे दुष्ट मनोज से पहले मिराय तक पहुंचने के लिए तेजा की मदद लेता है। लोगों की दुर्दशा देखकर, वह बुराई से लड़ने के लिए हथियार ढूंढ़ने लगता है, जिसमें भगवान राम का पवित्र दंड भी शामिल है। मनोज से मुकाबला करने से पहले उसे कुछ बुरी ताकतों से लड़ते हुए भी दिखाया गया है। ट्रेलर के आखिर में तेजा को अपनी खोज पूरी करने के लिए स्वयं भगवान राम से दिव्य मार्गदर्शन मिलता है। 'मिराय' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।
ट्रेलर में किसी प्रलय की बात की जा रही है, जिससे बचने के लिए तेजा सज्जा के किरदार को मिराय पहुंचना जरूरी है। मांचू मनोज फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आ रहे हैं। फिल्म में जबरदस्त एक्शन के साथ शानदार वीएफएक्स भी देखने को मिल रहे हैं। ट्रेलर में श्रिया सरन भी अहम किरदार में नजर आ रही हैं। ट्रेलर का सबसे शानदार सीन आखिरी में आता है, जब भगवान राम का अवतार दिखाया जाता है। ट्रेलर कई बार तेज्जा सज्जा की पिछली फिल्म 'हनुमान' की भी याद दिलाता है। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित 'मिराय' को नॉर्थ में करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शन प्रजेंट कर रहा है।

### भोजपुरी

## नीलम ने सच में गर्दा उड़ा दिया... खेसारी संग नया गाना 'कमरिया में पीर'



नीलम गिरी की उधर बिग बॉस 19 में एंट्री हुई है, इधर उनका नया गाना 'कमरिया में पीर' रिलीज होते ही बंपर हिट हो चुका है। खेसारी लाल यादव के साथ इस रोमांटिक डांस सॉन्गग को रिलीज के 8 घंटे में ही 10 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं।
भोजपुरी एक्ट्रेवस और डांसर नीलग गिरी ने सच में गर्दा उड़ा दिया है। इधर, इस हसीना ने रात में 'बिग बॉस 19' में एंट्री ली है, उधर अगली सुबह उनका नया भोजपुरी गाना 'कमरिया में पीर' रिलीज हुआ। नीलम ने सलमान खान से स्टे ज पर कहा था कि वह गर्दा उड़ाने आई हैं और ऐसा ही हुआ है। भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव संग नीलम के इस गाने ने अनोखा रिकॉर्ड बनाया है। रिलीज के महज 8 घंटे में इसे यूट्यूब पर 10 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। गाने में पति-पत्नी के बीच तकरार वाला प्यार है, जिसे देख फैंस दीवाने हुए जा रहे हैं। 'कमरिया में पीर' गाने को 'सारेगामा हम भोजपुरी' चैनल पर रिलीज किया गया है। खबर लिखे जाने तक इस झन्नामटेदार रोमांटिक गाने को 11 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। इस गाने को खेसारी लाल यादव ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गाया है। म्यूजिक वीडियो में खेसारी और नीलम पति-पत्नी के किरदार में हैं। नीलम अपने सईयां जी से नाराज हैं, उन्हेंम जल्दी घर आने के लिए कहती हैं। खेसारी भी छप्परफाड़ के पहुंच जाते हैं। इसके बाद मनाने और रूठने का प्रेम-अलाप शुरू होता है और यह दिल जीतने वाला है।

## जेन ज़ेड की पसंद

लाइफ स्टाइल



1997 और 2012 के बीच पैदा हुई पीढ़ी जेन ज़ेड कहलाती है। इस नौजवान पीढ़ी की शैलियों और कपड़ों की पसंद अलग हट कर है। पिछली पीढ़ियों के विपरीत, जेन ज़ेड व्यक्तित्व, आराम, स्थिरता और लैंगिक तटस्थता पर ज़ोर देते है। जेन ज़ेड के कपड़ों की शैलियों में अक्सर स्ट्रीटवियर, विंटेज कपड़े और डिजिटल संस्कृति का मिश्रण होता है। इस पीढ़ी को वाईटूके एक्सेसरीज़ (जैसे बटरफ्लाई क्लिप या छोटे धूप के चश्मे) को थ्रिफ्टेड जींस और स्थानीय रूप से बने क्रॉप टॉप के साथ पहने हुए देखना आम बात है। यह पुरानी यादों और नएपन का एक बेहतरीन मिश्रण है।

## वैक्सिंग करने के बाद करें ये काम, लंबे समय तक त्वचा रहेगी जवां

हाथ-पैरों से बाल निकलवा देने के बाद त्वचा मुलायम लगने लगती है। लेकिन क्या आपने नोटिस किया है कि वैक्सिंग के चंद ही दिनों में त्वचा की चमक खोने लगती है। अगर आप जरा-सी गलती करें, तो आपका पूरा एक्सपीरियंस खराब हो सकता है। वैक्सिंग के बाद, त्वचा का ख्याल रखने से ही वो जवां नजर आएगी और निखार दिखेगा। अधिकांश महिलाएं वैक्सिंग के बाद त्वचा की देखभाल नहीं करती हैं और इसी के चलते रैशेज, ड्राईनेस, वैक्सिंग बंप्स आदि नजर आने लगते हैं। सेलिब्रिटी डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. चित्रा आनंद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर वैक्सिंग आफ्टर केयर के बारे में बताती हैं। उनके मुताबिक, वैक्सिंग के बाद, त्वचा का खासतौर से ख्याल रखना चाहिए। अगर आप स्किन को किसी तरह के डिस्कम्फर्ट से बचाना चाहती हैं, तो आपको कुछ बातों का ध्यान देना चाहिए। अच्छे लोशन लगाने से लेकर सही कपड़े पहनने तक वैक्सिंग के बाद आपको अन्य किन बातों का ख्याल रखना चाहिए, आइए जानें।

### वैक्सिंग के बाद माइल्ड क्लींजर से करें त्वचा को साफ

वैक्सिंग के बाद त्वचा में थोड़ी-सी खुजली होना सामान्य है। क्या आप स्किन को स्क्रैच करने लगती हैं? या बार-बार गंदे हाथों से हाथ-पैरों को छूती हैं? ऐसा बिल्कुल न करें। वैक्सिंग के बाद किसी तरह के इंफेक्शन से बचने के लिए ऐसा नहीं करना चाहिए। इसके अलावा हमेशा एक माइल्ड, फ्रैगरेंस फ्री क्लींजर से त्वचा को साफ करें और त्वचा पर यदि वैक्स छूट गई है, तो उसे साफ करें।
वैक्सिंग के बाद ढीले कपड़े पहनें
फिटेड कपड़े पहनना गलत नहीं है, बस आपको वैक्सिंग के बाद टाइट





और फिटेड कपड़े नहीं पहनने चाहिए। इससे आपकी त्वचा पर फ्रिक्शन होगा और हाथ या पैर में जलन या रैशेज पड़ सकते हैं। वैक्सिंग के बाद ढीले कपड़े पहनें। इससे त्वचा को सांस लेने में मदद मिलेगी और डिस्कम्फर्ट या अक्सर होने वाली इनग्रोन हेयर की समस्या नहीं होगी। असुविधाजनक घर्षण और जलन से बचने के लिए वैक्स के बाद कुछ दिनों के लिए बैगी यानी ढीले कपड़े ही पहनें।

### वैक्सिंग के बाद ठंडे पानी से नहाएं

हॉट बाथ लेना या स्टीम रूम में बैठना आपको भी अच्छा लगता होगा। मगर एक चीज का ध्यान रखें कि वैक्सिंग के बाद हॉट बाथ नहीं लेना चाहिए। गर्म पानी से त्वचा में जलन पैदा हो सकती है। वैक्सिंग के तुरंत बाद ठंडे पानी से नहाएं या ठंडे पानी से त्वचा को साफ करें। इससे जलन कम होगी और त्वचा को आराम मिलेगा। इसके अतिरिक्त पूल या बीच में जाने से भी बचें। इस तरह से आप इंफेक्शन भी बच जाएंगी। वैक्सिंग के बाद एलोवेरा जेल या सूदिंग लोशन लगाएं।

## देखने में बेहद स्टाइलिश नजर आते हैं फुल घेरे वाले खास सूट







लगभग हर एक दिन हम सूट पहनना पसंद करते हैं और इसके कई डिजाइंस भी आपको कई मिल जाएंगे। वहीं लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की बात करें तो आजकल एक्सपेरिमेंटल फैशन का दौर चल रहा है, जिसे हम जैसे कई लोग काफी पसंद भी कर रहे हैं।
दौर की बात करें तो आजकल फुल घेरे वाले सूट को काफी पसंद किय जा रहा है। अगर आप भी अपने सूट लुक को थोड़ा स्टाइलिश बनाना चाहती हैं तो हम आपको दिखाने वाले हैं फुल घेरे वाले सूट के लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप रोजाना से लेकर किसी छोटे-बड़े फंक्शन के लिए स्टाइल कर सकती हैं और अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### नायरा कट सूट डिजाइन

मार्केट में आजकल इस तरह के नायरा कट काफी चलन में नजर आ रहे हैं। इस सूट को डिजाइनर गोपी वैद ने डिजाइन किया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 800 रुपये से लेकर 1500 तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप बालों के लिए वेवी ओपन हेयर स्टाइल चुनें और पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल करें।

### अनारकली स्टाइल सूट डिजाइन

अनारकली सूट का चलन एवरग्रीन रहता है। इस कलीदार सूट को डिजाइनर ड्रेजी रिद्धि सूरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का मिलता-जुलता सूट आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये से लेकर 2000 रुपये में मिल जाएगा। इस तरह के सूट के साथ आप हैवी झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही बालों के लिए आप स्लीक बन हेयर स्टाइल या ओपन हेयर स्टाइल को चुनें।

### पाकिस्तानी स्टाइल सूट डिजाइन

आजकल पाकिस्तानी स्टाइल सूट का चलन फिर चलन में आ रहा है।इस खूबसूरत सूट को डिजाइनर रजी रमिंग द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह का सूट आपको मार्केट में लगभग 1000 रुपये से लेकर 1500 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।

## अगर चाहिए मेहंदी का गाढ़ा रंग तो अपनाएं घरेलू नुस्खे

अब बाजार में रेडीमेड मेहंदी के कोन उपलब्ध रहते हैं, जिसे कुछ रुपये में खरीद कर मेहंदी लगाई जा सकती है। इस कोन को खरीदना तो आसान है लेकिन इससे कई बार मेहंदी का रंग ज्यादा अच्छा नहीं चढ़ता। मेहंदी का डार्क रंग लाना चाहती हैं तो कोशिश करें कि मेहंदी को घर पर घोलकर तैयार करें। इसके साथ ही आप मेहंदी के रंग को गाढ़ा करने के लिए दादी-नानी के बताए गए घरेलू नुस्खे अपना सकती हैं। आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें अपना कर आप अपनी मेहंदी का रंग डार्क कर सकती हैं।

### चायपत्ती के पानी का करें इस्तेमाल

अगर आपकी मेहंदी घोलने जा रही हैं तो उसे सादे पानी सी बजाए चाय पत्ती के पानी में घोलें। इससे मेहंदी का रंग काफी डार्क आएगा। इसके लिए आपको पिसी हुई मेहंदी कम दामों में बाजार में मिल जाएगी।

### नींबू का रस



मेहंदी का रंग डार्क करने के लिए मेहंदी घोलते वक्त ही इसमें 3 से 4 चम्मच नींबू का रस मिला लें। इससे भी मेहंदी के रंग में बदलाव आएगा।

### विक्स

अगर आपकी मेहंदी का रंग डार्क नहीं होता है तो आप विक्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले मेहंदी को हाथों मे लगा लें। जब इसे छुड़ाएं तो कुछ देर के लिए विक्स को हाथों में लगाएं। विक्स लगाने के पहले हाथों को गीला ना करें।

## घर पर केराटिन करके बचाएं हजारों रुपये, पहले जानें इसका सही तरीका

केराटिन ट्रीटमेंट में बालों की लंबाई के अनुसार पैसे लगते हैं। इसकी शुरुआत ही 4 हजार से होती है। ऐसे मे अगर आपका केराटिन कराने का मन है, लेकिन आपके पास पैसे नहीं हैं तो कुछ जरूरी टिप्स अपनाएं। आपको घर पर ही केराटिन करना सीखना चाहिए, जिससे आपको घर पर ही पार्लर जैसा रिज्लट मिल जाए। घर पर केराटिन करने में आपका समय और पैसा दोनों बचेंगे।

### क्या होता है केराटिन ट्रीटमेंट

आपको बता दें कि जब बालों में प्रोटीन की मात्रा खत्म होने लगती है, और उस वजह से बाल डैमेज होने लगते हैं तो महिलाएं केराटिन ट्रीटमेंट कराती हैं। इस ट्रीटमेंट में बालों पर एक क्रीम की लेयर लगाई जाती है, जिसे बालों पर अच्छे से लगाया जाता है।
इस ट्रीटमेंट के बाद बालों में साधारण शैंपू इस्तेमाल नहीं किया जाता। इस ट्रीटमेंट को आप घर पर भी कर सकते हैं। आइए आपको इसका तरीका बताते हैं।
केराटिन मास्क बनाने के लिए सबसे पहले से एक



चौथाई कटोरी एलोवेरा जेल लें। इसमें एक चौथाई कटोरी उबले चावल, चार से पांच चम्मच दही, एक विटामिन ई कैप्सुल और एक चम्मच जैतून के तेल मिलाकर इनकी पेस्ट बना लें। ये आपका मास्क तैयार है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

इस तैयार किए गए पैक को बालों पर सही से अप्लाई करें। इसके लिए सबसे पहले बालों को सही से कई भागों में विभाजित करें। इसके बाद पेस्ट को जड़ से सिरों तक इसे लगाएं। अब 1 घंटे के बाद इसे बाल धो लें।

कार्नर न्यूज


मेकअप प्रोडक्ट आपकी त्वचा पर कैसा असर डालते हैं, यह जांच जरूरी

## मेकअप लवर को कॉस्मेटिक्स खरीदते वक्त इन बातों का जरूर रखिए ध्यान, होगा भरपूर फायदा

आजकल फैशन और मेकअप के मामले हर महिला आगे रहना चाहती है। इसके लिए वो हर तरह के मेकअप प्रोडक्ट भी इस्तेमाल करती है। बाजार में भी तरह-तरह के मेकअप प्रोडक्ट मिलते हैं लेकिन जरूरी नहीं हर प्रोडक्ट आपके लिए ही बना हो। इसलिए जरूरी है कि जब भी मेकअप के सामान आप खरीदें तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। तो चलिए जानें क्या हैं वो जरूरी बातें जिनका हर मेकअप लवर को ध्यान रखना चाहिए।

### अपनी त्वचा का प्रकार जानें

सबकी स्किन अलग-अलग प्रकार की होती है। अलग-अलग त्वचा की जरूरतें भी अलग होती हैं। आमतौर पर नॉर्मल, ड्राय, ऑयली और मिली-जुली इस तरह के स्किन टाइप्स होते हैं। कॉस्मेटिक्स खरीदने से पहले कुछ समय निकालें और अपनी त्वचा का प्रकार पता लगाएं। इससे आपकी खरीदारी आसान हो जाएगी। जैसे अगर आप फाउंडेशन खरीदने जा रही हैं और आपकी स्किन टाइप ऑयली है तो आपको




ऐसा फाउंडेशन खरीदना होगा, जो आपकी त्वचा पर बहुत ज्यादा भारी न हो।

### आपको होनी चाहिए स्किन टोन की जानकारी

स्किन टाइप की तरह ही स्किन टोन की सही जानकारी भी बेहद जरूरी है। तीन मुख्य प्रकार के स्किन टोन्स होते हैं कूल, वॉर्म और न्यूट्रल। अपना स्किन टोन पता करने के लिए अपनी कलाई की नसों पर ध्यान दें। अगर आपकी नसें ब्लू हों तो स्किन टोन कूल है। अगर वे ग्रीन हों तो स्किन टोन वॉर्म है। अगर आपको समझ न आ रहा हो कि वे ब्लू हैं या ग्रीन तो आपकी स्किन टोन न्यूट्रल है।

### इन्ग्रीडिएंट्स चेक करें

जिस तरह खाने-पीने की चीजें खरीदने से पहले आप इन्ग्रीडिएंट्स देखें। उसी तरह मेकअप प्रॉडक्ट्स खरीदने से पहले इन्ग्रीडिएंट्स पर नजर डालने की आदत डालें। हो सकता है इसमें कोई ऐसी चीज हो, जो आपकी त्वचा को सूट न करती हो या आपको किसी इनग्रीडिएंट से एलर्जी हो। अगर आप इन्ग्रीडिएंट्स की सूची पढ़ने की आदत डालेंगी तो इस तरह की समस्या से बच सकेंगी।

